Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्षः 6 अंकः 345 | गुरूवार, 18 दिसंबर -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

# पीएम मोदी ओमान पहुंचे

## दोनों देशों के बीच मुक्त व्यापार समझौते पर होंगे हस्ताक्षर

**नई दिल्ली।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बुधवार को दो दिवसीय यात्रा पर ओमान पहुंचे जहां वह खाड़ी देश के शीर्ष नेतृत्व से बातचीत करेंगे। इस दौरान दोनों देशों के बीच एक महत्वाकांक्षी व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर होने की उम्मीद है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीन देशों की यात्रा के अंतिम चरण में बुधवार को ओमान पहुंचे। दो दिवसीय प्रवास के दौरान पीएम मोदी ओमान के शीर्ष नेतृत्व से बातचीत करेंगे। पीएम मोदी की उपस्थिति में गुरुवार को दोनों देशों के बीच महत्वाकांक्षी मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हस्ताक्षर होंगे। मस्कट पहुंचे पीएम मोदी का होटल में भारतवंशियों ने शानदार स्वागत किया। हवाई अड्डे पर ओमान के रक्षा मामलों के उप प्रधानमंत्री सैय्यद शिहाब बिन तारिक अल सईद ने पीएम मोदी का गर्मजोशी से



स्वागत किया। वहां प्रधानमंत्री को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। मोदी सुल्तान हैथम बिन तारिक के निमंत्रण पर ओमान पहुंचे हैं। खाड़ी देश की यह उनकी दूसरी यात्रा है और दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना के 70 वर्ष पूरे होने का प्रतीक है। ओमान पहुंचे पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा, मस्कट एयरपोर्ट पर गर्मजोशी से स्वागत के लिए ओमान के उप प्रधानमंत्री (रक्षा मामलों) सैय्यद शिहाब बिन तारिक अल सईद का बहुत-बहुत धन्यवाद। हमारी बहुत अच्छी बातचीत भी हुई, जिसमें हमने भारत-ओमान दोस्ती पर अपने विचार साझा किए। भारत और ओमान के बीच मुक्त व्यापार समझौते को पिछले शुक्रवार को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंजूरी दी थी। व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता (सीईपीए) के रूप में आधिकारिक तौर पर नामित इस समझौते के लिए वार्ता नवंबर 2023 में औपचारिक रूप से शुरू हुई थी और बातचीत इस वर्ष संपन्न हुई। पीएम मोदी ओमान में रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने के साथ-साथ मजबूत वाणिज्यिक और आर्थिक संबंधों को बढ़ावा देने के लिए सुल्तान तारिक के साथ चर्चा करेंगे।

# सीएम आज दिखाएंगे 34 मोबाइल फारेंसिक वैन को हरी झंडी


**पटना।**

उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बुधवार को नितिन नवीन से भेंट कर उन्हें भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष का पदभार ग्रहण करने पर हार्दिक शुभकामनाएं दीं। साथ ही आशा व्यक्त कि संगठन कार्य में निपुण नवीन के युवा नेतृत्व से पार्टी को नई ऊर्जा मिलेगी। चौधरी ने कहा कि नितिन नवीन को राष्ट्रीय दायित्व मिलना बिहार की युवा पीढ़ी पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह एवं पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा के विश्वास का प्रतीक है।



यह राष्ट्रीय फलक पर बिहार की युवा पीढ़ी का सम्मान भी है। उन्होंने कहा कि नितिन नवीन के समर्पण-भाव, सबको साथ लेकर काम करने की शैली और उनके युवा जोश का लाभ भाजपा को अगले साल पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु एवं केरल विधानसभा के चुनाव में अवश्य मिलेगा।

# राजधानी में आज भी जहरीले धुएं की मोटी परत




**नई दिल्ली।**

दिल्ली एनसीआर आज भी जहरीले धुएं की आगोश में है। अधिकांश खुले इलाकों में धुंध और कोहरा छाया हुआ है। आनंद विहार इलाके के आस-पास जहरीले धुएं की मोटी परत ने राष्ट्रीय राजधानी को घेर लिया है।

# शांति वार्ता फेल हुई तो यूक्रेन में और जमीन कब्जा करेगा रूस

**नई दिल्ली।**

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने चेतावनी दी है कि अगर यूक्रेन को लेकर शांति वार्ता विफल होती है तो रूस अपने कब्जे वाले इलाकों का विस्तार करेगा। हालांकि पुतिन ने यह भी कहा कि बातचीत प्राथमिकता है, लेकिन अगर यूक्रेन नहीं माना तो वो और कब्जा करेगा। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन युद्ध को लेकर बड़ा और कड़ा बयान दिया है। उन्होंने साफ कहा है कि अगर शांति वार्ता रूस की शर्तों के मुताबिक आगे नहीं बढ़ी तो



रूस यूक्रेन में अपने नियंत्रण वाले इलाकों का और विस्तार करेगा। पुतिन ने यह चेतावनी वरिष्ठ सैन्य कमांडरों की वार्षिक बैठक में दी। उन्होंने संकेत दिया कि कूटनीति विफल हुई तो रूस सैन्य ताकत के दम पर अपने लक्ष्य हासिल करेगा। पुतिन ने कहा कि रूस संघर्ष को बातचीत के जरिए सुलझाना चाहता है और युद्ध की जड़ कारणों को खत्म करने के पक्ष में है। लेकिन उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि अगर विरोधी पक्ष और उसके विदेशी समर्थक गंभीर संवाद से इनकार करते हैं, तो रूस सैन्य कार्रवाई का रास्ता अपनाएगा। पुतिन के शब्दों में, रूस अपने ऐतिहासिक क्षेत्रों की मुक्ति के लिए बल प्रयोग करने से पीछे नहीं हटेगा। यह बयान ऐसे समय आया है जब यूक्रेन युद्ध को खत्म करने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रयास तेज हुए हैं।

# लखनऊ में कोहरा बना चौथे टी20 मैच का विलेन

**लखनऊ।**

भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच जारी पांच मैचों की टी20 सीरीज का चौथा मुकाबला रद्द हो गया। घने कोहरे के कारण इस मैच का टॉस तक नहीं हो सका। अंपायर्स ने मैदान का छह बजे निरीक्षण किया, लेकिन मुकाबला नहीं हो सका। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच खेला जाने वाला चौथा टी20 मैच बुधवार को लखनऊ के भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी इकाना



क्रिकेट स्टेडियम में बिना टॉस के ही रद्द कर दिया गया। घने कोहरे के चलते दृश्यता बेहद खराब रही, जिससे खेल कराना संभव नहीं हो सका।

# उत्तर भारत में कड़ाके की ठंड का टॉर्चर



**नई दिल्ली।**

उत्तर और मध्य भारत के बड़े हिस्से में कड़ाके की ठंड और घने कोहरे का प्रकोप जारी है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (कटऊ) और विभिन्न क्षेत्रीय केंद्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार दिल्ली, यूपी में शीतलहर चलेगी और पहाड़ों पर बर्फबारी और मैदानी इलाकों में ठंडी हवाओं के कारण जनजीवन प्रभावित हुआ है। आगामी 48 घंटों में उत्तर भारत के मैदानी इलाकों में ठंड और बढ़ने की संभावना है क्योंकि पहाड़ी क्षेत्रों से आने वाली ठंडी हवाएं सक्रिय रहेंगी।

# गांव और गांधी पर संसद में देर रात तक हुई बहस, जीआरएएम जी विधेयक पर शिवराज चौहान आज देंगे जवाब

**नई दिल्ली।** ग्रामीण रोजगार, गांवों की आत्मनिर्भरता और महात्मा गांधी की विरासत को लेकर लोकसभा में बुधवार को लंबी और वैचारिक बहस देर रात तक जारी रही। लोकसभा रात 1:35 बजे स्थगित हुई। मनरेगा के स्थान पर लाए गए विकसित भारत-गारंटी फार रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) यानी वीबी-जीरामजी विधेयक पर चर्चा के दौरान सरकार और विपक्ष आमने-सामने दिखे। रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) विधेयक, 2025 पर बुधवार को आधी रात के बाद चर्चा समाप्त हुई, जिसमें 98 सदस्यों ने भाग लिया। ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान गुरुवार को इस बहस का जवाब देंगे। सरकार ने इसे रोजगार की कानूनी गारंटी को पहले से ज्यादा मजबूत करने और गांवों को आत्मनिर्भर बनाने वाला सुधार बताया, जबकि विपक्ष ने गांधी के नाम को हटाने और गरीबों के हितों पर प्रहार का आरोप लगाकर इसका कड़ा विरोध किया।


# सहारा के 7 बिल्डरों थाना बादलपुर में मुकदमा दर्ज, द्वारिका सिटी (समतल) ग्रेनो प्राधिकरण की खामोशी क्यों?






**इंद्रेश शर्मा, गौतमबुद्धनगर**

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने थाना बादलपुर में अवैध निर्माण के आरोप में सहारा से जुड़े 7 बिल्डरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराकर एक सख्त संदेश देने की कोशिश की है। यह कार्रवाई पहली नजर में उत्तर प्रदेश सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति की ओर बढ़ता कदम जरूर लगती है, लेकिन जमीनी हकीकत पर नजर डालें तो कई बड़े सवाल खड़े होते हैं। स्थानीय लोगों और जानकारों का कहना है कि यह कार्रवाई ह्हुजूर आते-आते बहुत देर कर दीह्व या ह्चिड़िया चुग गई खेतह्व जैसी कहावत को चरितार्थ करती दिखती है। कारण साफ है–ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के वर्क सर्कल-1 क्षेत्र में बीते दो वर्षों से जिम्मेदार अधिकारियों की मौजूदगी में लाखों वर्ग मीटर भूमि पर अवैध निर्माण की पूरी बिसात खड़ी कर दी गई। जब-जब इन अवैध निमार्णों को ध्वस्त करने की बात उठी, तब-तब कभी पुलिस बल की कमी तो कभी संभावित भीड़ और कानून-व्यवस्था बिगड़ने का हवाला देकर कार्रवाई टाल दी गई। यदि समय रहते इन निमार्णों को रोका जाता और उसी भूमि पर प्राधिकरण द्वारा नियोजित आवासीय या व्यावसायिक योजना लाई जाती, तो न केवल शहरी विकास को दिशा मिलती बल्कि उत्तर प्रदेश सरकार के राजस्व में भी



| S. No. (क्र.सं.) | Name (नाम) | Alias (उपनाम) | Relative's Name (रिश्तेदार का नाम) | Present Address(वर्तमान पता) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Ganpati Property | | | 1. ग्राम छपरौला,बादलपुर,मध्य (कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर),उत्तर प्रदेश,भारत |
| 2 | श्री शंकर प्रोपर्टीज | | | 1. ग्राम छपरौला,बादलपुर,मध्य (कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर),उत्तर प्रदेश,भारत |
| 3 | श्री बालाजी प्रोपर्टीज | | | 1. ग्राम छपरौला,बादलपुर,मध्य (कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर),उत्तर प्रदेश,भारत |
| 4 | Highway Mansion | | | 1. ग्राम छपरौला,बादलपुर,मध्य (कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर),उत्तर प्रदेश,भारत |
| 5 | श्री प्रदीप कौशिक Dwarka Nikunj Property | | | 1. ग्राम छपरौला,बादलपुर,मध्य (कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर),उत्तर प्रदेश,भारत |
| 6 | जय श्री श्याम डेवलपर्स | | | 1. ग्राम छपरौला,बादलपुर,मध्य (कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर),उत्तर प्रदेश,भारत |
| 7 | श्री सचिन शर्मा श्री श्याम प्रोपर्टीज | | | 1. ग्राम छपरौला,बादलपुर,मध्य (कमिश्नरेट |

उल्लेखनीय वृद्धि होती। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत अवैध निर्माण के खिलाफ सख्ती की अपेक्षा की जाती रही है। ऐसे में सहारा से जुड़े बिल्डरों पर एफआईआर दर्ज होना जरूर एक संकेत है, लेकिन सवाल यह है कि क्या यही सख्ती द्वारिका सिटी (समतल) जैसे इलाकों में भी देखने को मिलेगी, जहां आज भी अवैध निर्माण धड़ल्ले से खड़े हैं? प्राधिकरण के वर्क सर्कल-1 में इस कार्रवाई को लेकर अधिकारी अपनी पीठ थपथपा रहे हैं, लेकिन असली परीक्षा अभी बाकी है। अब देखना यह होगा कि यह अभियान केवल कागजी कार्रवाई और चुनिंदा बिल्डरों तक सीमित रहता है या फिर अवैध निर्माण के पूरे नेटवर्क पर लगातार और निष्पक्ष कार्रवाई की जाएगी। क्या ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण वास्तव में बिल्डरों पर नकेल कस पाएगा, या फिर मुख्यमंत्री की जीरो टॉलरेंस नीति को यूं ही पलीता लगता रहेगा–यह आने वाला वक्त बताएगा।

### एफआईआर में 7 बिल्डरों के नाम दर्ज

गणपति प्रॉपर्टी
श्री शंकर प्रॉपर्टीज
श्री बालाजी प्रॉपर्टीज
हाईवे मेंशन
द्वारिका निकुंज प्रॉपर्टीज
जय श्री श्याम डेवलपर्स
श्री श्याम प्रॉपर्टीज, सचिन

### ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के वर्क सर्कल 1 के जिम्मेदार अफसर

परियोजना जीएम, एके सिंह
ओएसडी, राम नयन सिंह
वरिष्ठ प्रबन्धक, प्रभात शंकर
सहायक प्रबन्धक , नितेश
अवर अभियंता,राजीव मोटला
अवर अभियंता, भूपेंद्र त्यागी
सुपरवाइजर, संदीप कुमार

# अमेरिका से मिले तीन और अपाचे हेलीकॉप्टर

**नई दिल्ली।**

भारतीय सेना को अमेरिका से अपने तीन बचे हुए अपाचे हेलीकॉप्टर मिल गए हैं। इन्हें जल्द ही जोधपुर स्थित सेना के 451 आर्मी एविएशन स्क्वाड्रन में शामिल किया जाएगा। पश्चिमी सीमा पर भारत की युद्धक क्षमता में इससे बढ़ोतरी होगी। भारत ने सेना के लिए बोइंग कंपनी से कुल छह हेलीकॉप्टर खरीदे हैं। पाकिस्तानी सीमा के निकट तैनात होने वाले इन हेलीकॉप्टरों को खास तौर पर रेगिस्तानी लड़ाई के लिए तैयार किया गया है। नई दिल्ली स्थित अमेरिकी दूतावास ने भारतीय सेना को एएच-64ई अपाचे



हमलावर हेलीकॉप्टरों का अंतिम बैच मिलने का स्वागत किया और इसे भारत-अमेरिका रक्षा साझेदारी के तहत की गई प्रतिबद्धताओं की पूर्ति बताया। कहा कि यह उपलब्धि अमेरिका-भारत की विश्वसनीय और बढ़ती रक्षा साझेदारी को दशार्ती है। भारतीय वायु सेना के पास पहले से ही 22 अपाचे हेलीकॉप्टरों का बेड़ा है, जो चीन सीमा के निकट लद्दाख में और पश्चिमी क्षेत्रों में तैनात है। भारतीय सेना को अपाचे हेलीकॉप्टरों की डिलीवरी में देरी हुई है। इसका पहला बैच फरवरी या मार्च के आसपास पहुंचने की उम्मीद थी। हालांकि, पहला हेलीकॉप्टर जुलाई में ही मिल सका। हमलावर हेलीकॉप्टर क्षेत्र में सेना लगातार अपनी मारक क्षमता बढ़ा रही है। यह 90 स्वदेशी हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टर प्रचंड को भी अपने स्क्वाड्रन में शामिल करने जा रही है।

**जोधपुर स्क्वाड्रन में होंगे तैनात**

सेना विमानन कोर उन्नत हल्के हेलीकॉप्टर रुद्र का भी संचालन करता है, जो निगरानी, टोही क्षमताओं और हथियार प्रणाली से लैस है। विमानन कोर की स्थापना दिवस पर एक बयान में सेना ने कहा था कि इन हेलीकॉप्टरों के शामिल होने से सेना विमानन कोर की आक्रमण और टोही क्षमताओं में उल्लेखनीय वृद्धि होने की उम्मीद है।

## संपादक की कलम से

# गांधी परिवार को राहत

प्र राजधानी दिल्ली की राउज एवेन्यु अदालत ने नेशनल हेराल्ड केस में आरोप-पत्र का संज्ञान लेने से इंकार कर दिया। आरोप-पत्र प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दाखिल किया था। सालों की जांच-पड़ताल, साक्ष्यों के संग्रह और आरोपितों से सवाल-जवाब के बाद यह आरोप-पत्र तैयार किया गया था। अदालत का कहना है कि प्राथमिकी दर्ज किए बिना किसी आरोप-पत्र पर संज्ञान लेना संभव नहीं है, क्योंकि पूरी जांच एक निजी शिकायत के आधार पर की गई है। वह निजी शिकायत 2012 में डॉ. सुब्रह्मण्यम स्वामी ने दर्ज कराई थी। यदि यह तर्क उचित है, तो इतने लंबे सालों तक सरकारी जांच एजेंसियां जांच क्यों करती रहीं? गौरतलब यह है कि 2019 में धनशोधन निवारण अधिनियम, 2002 में यह संशोधन किया गया था कि जांच एजेंसी निजी शिकायत के आधार पर भी मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपों की जांच कर सकती है, लिहाजा वह अदालत में आरोप-पत्र भी दाखिल कर सकती है। ऐसे संसदीय संशोधन के बावजूद निचली अदालत ने संज्ञान क्यों नहीं लिया? बहरहाल इस सवाल पर ईडी उच्च न्यायालय में चुनौती दे सकता है, लेकिन निचली अदालत ने केस के मेरिट पर कोई टिप्पणी नहीं की और जांच को जारी रखने के आदेश दिए। बेशक सोनिया-राहुल गांधी के लिए फिलहाल एक बड़ी राहत है, क्योंकि अदालत में आरोप तय नहीं होंगे, तो केस कैसे चलेगा? गांधी द्वय को सजा भी नहीं दी जा सकती। घोटाले का यह केस किसी भी निष्कर्ष तक नहीं पहुंच पाएगा। नेशनल हेराल्ड केस गांधी परिवार और कांग्रेस के लिए बेहद संवेदनशील है, क्योंकि उसे 2000 करोड़ रुपए के घपले के तौर पर चित्रित किया जाता रहा है। सोनिया-राहुल गांधी को अभियुक्त नंबर 1 और 2 बनाया गया है। 2000 करोड़ रुपए का आरोप न तो ईडी का है और न ही किसी अदालत में साबित हुआ है। ईडी ने भी करीब 900 करोड़ रुपए की संपत्तियां जब्त की हैं और केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने इसे 359 करोड़ रुपए की गड़बड़ी का मामला बताया था। तो फिर 2000 करोड़ रुपए का आंकड़ा कहां से उदित हुआ है? नेशनल हेराल्ड अखबार 1938 में जवाहर लाल नेहरू ने शुरू किया था। एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) कंपनी बनाई गई थी, जिसके शेयर नेहरू के अलावा, 5000 से अधिक स्वतंत्रता सेनानियों ने भी खरीदे थे। उसे आजादी का मुखपत्र बनाने की कोशिशें थीं। मौजूदा संदर्भ में एजेएल के तमाम शेयर यंग इंडियन लिमिटेड को हस्तांतरित कर दिए गए थे, जिसके 38-38 फीसदी (कुल 76 फीसदी) शेयर सोनिया-राहुल गांधी के नाम हैं। कंपनी एक्ट की धारा 25 के तहत पंजीकृत यह कंपनी ऐसी है, जिसमें कोई वेतन, लाभांश आदि नहीं लिया जा सकता। एजेएल की तमाम संपत्तियां लीज के तहत हैं, लिहाजा उन्हें बेचा नहीं जा सकता। संपत्तियों से 60 लाख रुपए का किराया दिखाया गया है। वह पैसा कहां जाता है, इस पर भी एजेंसी के सवाल हैं। यह मामला 2016 में सर्वोच्च अदालत में भी गया था, लेकिन अदालत ने गंभीर आपराधिक आरोपों के मद्देनजर कोई भी राहत देने से इंकार कर दिया। दिसंबर, 2015 में सोनिया-राहुल गांधी को पटियाला हाउस कोर्ट ने जमानत दी। ईडी 2014 से जांच शुरू कर चुका था। सवाल है कि प्राथमिकी और आरोप-पत्र के अंतसंबंधों का उल्लेख किसी ने भी क्यों नहीं किया? आरोप-पत्र के बिना गांधी परिवार आरोपित कैसे करार दिया गया और जमानत किस आधार पर दी गई? कोई तो वजह होनी चाहिए कि जिसके आधार पर किसी को घोटाले का आरोपी कहा जाए? अब ऐसे सवाल नए सिरे से उठेंगे।


ललित शर्मा
संपादक

## उदय किशोर साह



### क्यूँ सोंचे जो हुई पराई

कविता

ये अमावश की काली रात
खामोश फिजां और ये तन्हाई
नीरस बेरहम जीवन और
बेवफा की मनहुश परछाई
दूर पपीहा तुँ क्यूं आँसू बहाती
आँखों की नींदिया भी अब
तन मन अपनी चुराती
एकाकी का ये अपना जीवन
सपने देखे थे कभी
मिलकर दो बदन
ये तेज बयार पुरवाई
कभी कहा था ना हूं पराई
क्या होती है प्रेम में
विरह और बेवफाई
आज वक्त ने दरवाजे पे
आ हमको प्यार से समझाई
अवारा कुत्ते जब गलियों में चिल्लाता
शांत मेरे मन को तब
दर्द दे घाव को पिरा जाता
ये नीरवता की चुभन
ये बिखरे से ख्वाब
पास पड़ोस भी दे जाते दवाब
क्यूं जीवन को से कर ली
हमने तन्हा से सगाई
ये कैसी मनहुस दिन
किस्मत ने है पाया
झूठ मूठ का सगा कहलाया
पर जीवन में कौन अपना यहाँ होता
जब स्वार्थ का मित्र बन रूलाता
छू कर ठंडी हवा का झौंका
तन मन को पीड़ा दे भग जाता
सोंच रहा हूं मैने प्यार क्यूँ किया
तन मन को नया अब
रोग दे  विवसता को पाया

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# भारत चुपचाप कर रहा बड़ी तैयारी, मोदी की जॉर्डन, इथियोपिया और ओमान यात्रा विरोधियों पर पड़ रही भारी

देखा जाये तो पश्चिम एशिया इस समय उबाल पर है। गाजा संकट, ईरान-सऊदी समीकरणों में उतार-चढ़ाव, अमेरिका की प्राथमिकताओं में बदलाव और सऊदी अरब-पाकिस्तान और अमेरिका के नए रक्षा समीकरण का उभरना भारी उथलपुथल की तरह है। युद्ध के धुएँ और वैश्विक अनिश्चितताओं के इस दौर में भारत की विदेश नीति अगर किसी एक शब्द में परिभाषित होती है, तो वह है रणनीतिक स्पष्टता। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जॉर्डन, इथियोपिया और ओमान की यात्रा इसी स्पष्टता का ठोस प्रदर्शन है। यह यात्रा बदलती वैश्विक ध्रुवीयता में भारत के हितों को सुरक्षित करने की एक सधी हुई चाल है। यह एक ऐसा रणनीतिक कदम है जो आने वाले वर्षों में भारत की ऊर्जा, खाद्य, समुद्री और भू-राजनीतिक सुरक्षा की रीढ़ बनेगा। देखा जाये तो पश्चिम एशिया इस समय उबाल पर है। गाजा संकट, ईरान-सऊदी समीकरणों में उतार-चढ़ाव, अमेरिका की प्राथमिकताओं में बदलाव और सऊदी अरब-पाकिस्तान और अमेरिका के नए रक्षा समीकरण का उभरना भारी उथलपुथल की तरह है। ऐसे में भारत का जॉर्डन और ओमान की ओर बढ़ना बताता है कि नई दिल्ली अब प्रतिक्रियावादी नहीं, बल्कि एजेंडा-सेटर है। मोदी सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि भारत किसी एक धुरी पर निर्भर नहीं रहेगा, वह अपने विकल्प खुद गढ़ेगा। मोदी के तीन देशों के दौरे में जॉर्डन पहला पड़ाव था और यह चयन ही बहुत कुछ कह देता है। हम आपको बता दें कि पश्चिम एशिया में जॉर्डन एक संतुलनकारी शक्ति है। वह कट्टरपंथ के विरुद्ध ढाल और संवाद का सेतु है। भारत के लिए जॉर्डन केवल कूटनीतिक मित्र नहीं, बल्कि खाद्य सुरक्षा का रणनीतिक स्तंभ भी है। फॉस्फेट और पोटाश जैसे उर्वरकों के बिना भारत की कृषि का आगे बढ़ना मुश्किल है। जॉर्डन इंडिया फर्टिलाइजर कंपनी (खकऋउड) जैसे उपक्रम इस बात का प्रमाण हैं कि मोदी सरकार संसाधन सुरक्षा को भाषण नहीं, संस्थागत रणनीति मानती है। दोनों देशों के बीच \$2.75 अरब का द्विपक्षीय व्यापार और 2030 तक \$5 अरब का लक्ष्य दिखाता है कि यह साझेदारी अब प्रतीकात्मक नहीं रही। मोदी की जॉर्डन यात्रा के दौरान हुए करार और आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई को वहां की सरकार का मिला जोरदार समर्थन तथा क्राउन प्रिंस का खुद मोदी को अपनी कार में लेकर जाना दर्शाता है कि मोदी की यात्रा कितनी सफल रही।



हम आपको यह भी बता दें कि इस पूरी यात्रा की बेहद शक्तिशाली धुरी हैं भारतीय प्रवासी। ओमान में 6.75 लाख से अधिक भारतीय, जॉर्डन में परिधान उद्योग की रीढ़ बने 17 हजार श्रमिक और इथियोपिया में शिक्षा जगत को दिशा देने वाले भारतीय प्रोफेसर, ये लोग भारत की सॉफ्ट पावर नहीं, बल्कि लिविंग स्ट्रैटेजिक एसेट्स हैं। मोदी सरकार ने पहली बार प्रवासियों को भावनात्मक प्रतीक से निकालकर नीति के केंद्र में रखा है, चाहे वह बिजनेस कार्ड वीजा हो या श्रम सुरक्षा के समझौते। बहरहाल, आलोचक कह सकते हैं कि यह यात्रा चुनौतियों से मुक्त नहीं है क्योंकि पश्चिम एशिया की अस्थिरता, अफ्रीका में प्रतिस्पर्धा और वैश्विक आर्थिक सुस्ती बनी हुई है। लेकिन यहीं मोदी सरकार की विदेश नीति अलग दिखती है। यह जोखिम से भागती नहीं, उसे मैनेज करती है। मोदी सरकार जानती है कि बहुध्रुवीय विश्व में निष्क्रियता सबसे बड़ा खतरा है। इसलिए निष्कर्ष स्पष्ट है। मोदी की यह यात्रा भारत के आत्मविश्वास का बयान है कि भारत अब केवल संतुलन साधने वाला देश नहीं, बल्कि अपने हितों के लिए गठबंधन गढ़ने वाला राष्ट्र है। मोदी की यह पश्चिम एशिया-अफ्रीका कूटनीति लेन-देन से आगे जाकर रणनीतिक हेजिंग की परिपक्व मिसाल है। आने वाले वर्षों में जब ऊर्जा, खाद्य और समुद्री मार्गों पर संघर्ष तेज होगा, तब यह यात्रा एक दूरदर्शी कदम के रूप में याद की जाएगी, जिसने भारत को न केवल सुरक्षित किया, बल्कि निर्णायक भी बनाया।

वहीं मोदी की इथियोपिया यात्रा को देखें तो यह रणनीतिक दृष्टि से अत्यंत निर्णायक है। अफ्रीकी संघ का मुख्यालय, ब्रिक्स का सदस्य और ग्लोबल साउथ की धड़कन, इथियोपिया में 2011 के बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री की यह पहली यात्रा है। देखा जाये तो यह देरी नहीं, बल्कि सही समय पर किया गया दांव है। दोनों देशों के बीच \$550 मिलियन का व्यापार, भारतीय फार्मा की मजबूत मौजूदगी और क्षमता निर्माण में भारत की भूमिका दिखाती है कि नई दिल्ली अफ्रीका को बड़ा साझेदार मानती है। यह चीन के ऋण-जाल मॉडल के ठीक उलट सम्मान, प्रशिक्षण और साझा विकास का रास्ता है। साथ ही मोदी की ओमान यात्रा भारत की समुद्री रणनीति का निर्णायक स्तंभ है। दुक़्म (ऊ४०) बंदरगाह में भारत की बढ़ती मौजूदगी, होरमुज जलडमरूमध्य से बाहर एक वैकल्पिक लॉजिस्टिक हब, यह सब भारत की इंडो-लिटरल स्ट्रैटेजी का हिस्सा है। भारत-ओमान उएढअ का प्रस्तावित हस्ताक्षर इस यात्रा का सबसे ठोस आर्थिक परिणाम होगा। देखा जाये तो 95% टैरिफ लाइनों पर शुल्क-मुक्त पहुँच और 98% तक भारतीय वस्तुओं को राहत, एक रणनीतिक व्यापार की तरह है। ऊर्जा, हरित हाइड्रोजन, उर्वरक, तकनीक और खाद्य सुरक्षा, हर मोर्चे पर भारत अपनी शर्तों पर आगे बढ़ रहा है। दोनों देशों के बीच \$10.61 अरब का व्यापार जल्द ही \$20 अरब की ओर बढ़े, यह केवल आंकड़ा नहीं, भरोसे की मुद्रा है।

# नए साल की छुट्टियों में घूमने के लिए बनाएं प्लान

अगर आप भी नया साल सेलिब्रेट करने के लिए बेस्ट डेस्टिनेशन की तलाश कर रहे हैं, तो आप भी अभी से नए साल की छुट्टियों की योजना तैयार कर लें। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको न्यू ईयर सेलिब्रेट करने के लिए कुछ जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं। साल 2025 अब धीरे-धीरे खत्म होने को है। यह साल भी हर साल की तरह अपनी रफ्तार से बीत रहा है। दिसंबर की ठंड जैसे ही नजदीक आ रही है, तो मन में सवाल उठता है कि नए साल पर कहां घूमने के लिए जाएं। बता दें कि नया साल सिर्फ पार्टी करने का दिन नहीं बल्कि बीते साल की थकान को मिटाकर नई उम्मीदों के साथ आगे बढ़ने का भी मौका है। इसलिए जहां कहीं भी जाएं, खुद को खुश रखें और सुकून ढूंढें। ऐसे में अगर आप भी नया साल सेलिब्रेट करने के लिए बेस्ट डेस्टिनेशन की तलाश कर रहे हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आप भी अभी से नए साल की छुट्टियों की योजना तैयार कर लें। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको न्यू ईयर सेलिब्रेट करने के लिए कुछ जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं।




**शिमला:** बर्फ के बीच नए साल का स्वागत करना है, तो आपको शिमला जाना चाहिए। वहीं अगर आप भी सर्दियों का जादू और बर्फ की चादर में लिपटी वादियों को देखना चाहते हैं, तो शिमला से बेहतर जगह और कोई नहीं है। यहां पर आप मॉल रोड की रौनक, लाइट्स और बर्फबारी में थिरकती भीड़ आपका दिल जीत लेगी। दोस्तों के ग्रुप और कपल्स के लिए शिमला बेस्ट जगह है। आप यहां पर न्यू ईयर के जश्न के दौरान बोनफायर का भी लुत्फ उठा सकते हैं। आप मॉल रोड पार्टी कर सकते हैं और घूमने के लिए क्राइस्ट चर्च जा सकते हैं।

**गोवा:** नए साल की पार्टी करनी हो और गोवा का नाम न आए। तो ऐसा हो ही नहीं सकता है। 31 दिसंबर की रात गोवा के बीच पर आतिशबाजी, विदेशी म्यूजिक और डांस फ्लोर की धूम आपको एक अलग ही एनर्जी देने का काम करती है। पार्टी लवर्स के लिए गोवा बेस्ट है और यहां के बीच पर आप पार्टी कर सकते हैं। वहीं सनसेट डिनर और बीच कैंपिंग का लुत्फ भी उठा सकते हैं।

**मनाली:** अगर आपको एडवेंचर और सुकून दोनों चाहिए तो मनाली एक परफेक्ट ऑप्शन है। नए साल पर यहां लाइव म्यूजिक, कैफे कल्चर, ट्रेकिंग और तारों के नीचे बिताए गई रात कई यादें दे जाएगी। अगर आप मनाली जा रहे हैं, तो सोलांग वैली, कसोल और लाइव कैफे का आनंद उठाना न भूलें।

**जयपुर:** अगर आप नए साल का स्वागत रॉयल अंदाज में करना चाहते हैं, तो आपको जयपुर आना चाहिए। यहां की लाइट डेकोरेशन, हेरिटेज होटल और राजस्थानी खाने के साथ 31 दिसंबर की रात राजसी एहसास दिलाएगी। फैमिली और कपल्स के लिए यह जगह बेस्ट है। इसके साथ ही आपको यहां पर चोखी ढाणी और फूड फेस्टिवल्स का भी आनंद उठाना चाहिए।


# डायबिटीज के मरीजों के लिए अमृत हैं ये फल, दिल की बीमारियां रहेंगी दूर

फलों के चुनाव को लेकर डायबिटीज के मरीजों में कंफ्यूजन बना रहता है कि कौन सा फल उनके लिए सुरक्षित है और कौन सा नहीं। ऐसे में आज हम आपको ऐसे 6 फलों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनका प्राकृतिक रूप से ग्लाइसेमिक इंडेक्स कम होता है। पके हुए ताजे फल खाने से शरीर पर वैसा असर नहीं होता है, जैसा प्रोसेस्ड और शुगर से भरपूर फूड आइटम जैसे पेस्ट्री और केक जैसी चीजों को खाने से पड़ता है। बता दें कि फलों में फाइबर और पानी की एक सुरक्षा परत होती है। फल विटामिन्स, पॉलीफेनॉल एंटीऑक्सीडेंट और मिनरल्स से भरपूर होते हैं। साबुत और ताजे फलों का सेवन करने से डायबिटीज के मरीजों में ब्लड ग्लूकोज काफी हद तक कम हो जाता है। हालांकि फलों के चुनाव को लेकर डायबिटीज के मरीजों में कंफ्यूजन बना रहता है कि कौन सा फल उनके लिए सुरक्षित है और कौन सा नहीं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको ऐसे 6 फलों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनका प्राकृतिक रूप से ग्लाइसेमिक इंडेक्स कम होता है।

जानिए क्या है फलों का सुरक्षित डोज

एक स्टडीज के अनुसार, डायबिटीज से पीड़ित जो मरीज फल खाते हैं, उनको दिल की बीमारियों का खतरा कम होता है। इसके बाद भी इन मरीजों को एक तय मात्रा में फल खाने की सलाह दी जाती है।

एक्सपर्ट के अनुसार, एक बारे में ढेर सारा फल खाने की बजाय पूरे दिन में इसको तीन हिस्सों में बांटे। फिर इनके खाने के समय के बीच में गैप रखें। एक बारे में दो बड़े चम्मच से लेकर एक चौथाई कप तक फल खाना सुरक्षित होता है।



**सेब**

सेब का सेवन करने से न सिर्फ ग्लाइसेमिक इंडेक्स कम होता है। बल्कि सेब में घुलनशील फाइबर, विटामिन सी और एंटीऑक्सीडेंट भरपूर मात्रा में पाया जाता है।

**नाशपाती**

नाशपाती में 84% तक पानी पाया जाता है। वहीं इस फल में काफी सारा विटामिन और फाइबर भी पाया जाता है, जोकि ब्लड शुगर के लेवल को कंट्रोल करने में मदद करता है। लो ग्लाइसेमिक इंडेक्स होने के साथ यह शरीर इंसुलिन सेंसिटिविटी को बढ़ाता है।

**एवोकोडो**

एवोकाडो हेल्दी फैट्स और पोटेशियम से भरपूर होता है। यह फल डायबिटीज के मरीजों के लिए लाभकारी होता है। यह बैड कोलेस्ट्रॉल और ट्राइग्लिसराइड के लेवल को कम करता है। इसका ग्लाइसेमिक इंडेक्स डायबिटीज मरीजों के लिए कम और सुरक्षित माना गया है।

**अनार**

डायबिटीज के मरीजों के लिए अनार काफी फायदेमंद माना जाता है। क्योंकि अनार ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल करने में सहायता करता है।

**पपीता**

पपीता में ढेर सारे पोषक तत्व पाए जाते हैं। जो इसको डायबिटिक के लिए हेल्दी बनाते हैं। बल्कि हार्ट डिजीज से बचाव करने के लिए भी यह फायदेमंद है। पपीता में एंजाइम पाया जाता है, जो फ्री रेडिकल से बचाता है।

**संतरा**

संतरा डायबिटीज के अलावा भी कई बीमारियों में फायदेमंद माना जाता है। संतरा में फाइबर, विटामिन सी और बी1 पाया जाता है और इसमें शुगर की मात्रा भी कम होती है। जिससे ब्लड शुगर कंट्रोल में रहता है। संतरा में 87% तक पानी होता है और ग्लाइसेमिक इंडेक्स भी कम होता है।

# गागलहेडी थाना प्रभारी प्रवेश कुमार शर्मा के कुशल निर्देशन में खनन माफियाओं पर बड़ी कार्रवाई

**वेलकम इंडिया,राजीव चौधरी**



**सहारनपुर/ गागलहेडी ।** गागलहेडी पुलिस टीम ने की बड़ी कार्रवाई,,मिट्टी का अवैध खनन करते हुए 3 ट्रैक्टर ट्राली को किया गया सीज वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर अशीष तिवारी के कुशल निर्देशन में तथा पुलिस अधीक्षक नगर व्योम बिंदल एवं क्षेत्राधिकारी सदर प्रिया यादव के निकट पर्यवेक्षण में जनपद सहारनपुर पुलिस द्वारा अवैध खनन की रोकथाम के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। थानाध्यक्ष प्रवेश कुमार शर्मा के दिशा निदेशों के चलते थाना गागलहेड़ी पुलिस टीम ने एक बड़ी सफलता प्राप्त मिट्टी के खनन से भरी 3 ट्रेक्टर ट्रालियो को किया सीज।

आपको बता दें,कि थाना गागलहेड़ी पुलिस टीम व राजस्व विभाग की टीम के साथ गश्त एवं वाहनों की चेकिंग कर रही थी lइस दौरान सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम हरौडा के जंगल में कुछ भू-माफिया तत्वों द्वारा मिट्टी का अवैध परिवहन किया जा रहा है lसूचना मिलते ही पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए थानाध्यक्ष प्रवेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम मय राजस्व टीम के साथ तत्काल मौके पर पहुँची ।ग्राम हरौडा के जंगल से 3 ट्रैक्टर मय ट्राली जिनमे अवैध मिटटी भरी हुई थी,को मौके से 3 ट्रैक्टर ट्राली (मिट्टी से भरी हुई) को कब्जे में लेकर सीज किया कर दिया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम थानाध्यक्ष प्रवेश कुमार शर्मा उपनिरीक्षक श्री राकेश शर्मा हेड कांस्टेबल इरशाद खा हेड कांस्टेबल नरदेव हेड कांस्टेबल राकेश राणा सहित अन्य पुलिस टीम शामिल रही।

# मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत जागरकता अभियान चलाया गया



**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

जनपद बिजनौर नजीबाबाद मंडावली। मंडावली क्षेत्र के पंचायत घर में मिशन शक्ति पेज 5.0 के तहत महिला एवं बाल सुरक्षा के उद्देश्य से साइबर अपराध के विषय में जागरूकता अभियान चलाया गया। छात्र- छात्राओं तथा महिलाओं को आत्मरक्षा के महत्व, सतर्कता एवं जागरुकता की जानकारी दी गयी।

बुधवार को मंडावली के पंचायत घर पर मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत पुलिस ने 1090, 1930 जैसी महत्वपूर्ण हेल्पलाइन की जानकारी दी।एस एस आई योगेन्द्र सिंह ने कहा कि मिशन शक्ति अभियान महिलाओं को सशक्त और आत्मविश्वासी बनाने में एक मील का पत्थर साबित होगा कार्यक्रम में महिला उपनिरीक्षक रुचि , एस आई राहुल कुमार, महिला कांस्टेबल मानसी,हेड कांस्टेबल जयवीर सिंह का. गौरव आर्य आदि का सहयोग रहा। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को महिला सुरक्षा, घरेलू हिंसा के खिलाफ आवाज उठाने और उनके अधिकारों के संबंध में जागरूक किया गया। उन्हें मोबाइल या सोशल मीडिया के माध्यम से लड़कियों को परेशान करने, अश्लील संदेश भेजने जैसी शिकायतों के बारे में बताया गया। इसके अतिरिक्त, महिलाओं के साथ मारपीट और लड़कियों के साथ छेड़छाड़ से बचाव के तरीकों पर भी चर्चा की गई lकार्यक्रम में साइबर अपराधों के बारे में भी अवगत कराया गया और साइबर अपराध होने के बाद की कानूनी कार्यवाही की जानकारी दी गई।इस दौरान ग्राम प्रधान पति माजिद हुसैन सहित अनेक संख्या में छात्र-छात्राएं एवं महिला उपस्थित रहीं।

# ट्रक और पिकअप की आमने-सामने भिड़त में गाड़ी चालक घायल

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



जनपद बिजनौर शेरकोट हरेवली शेरकोट मार्ग पर कोहरे के चलते बिजनौर से खाद लेकर हरेवली जा रहे ट्रक व अफजलगढ से आ रही मुर्गे से भरी पिकअप गाड़ी की आमने सामने भिड़त मे पिकअप चालक घायल हो गया।पुलिस ने घायल को उपचार हेतू रवाना कर दोनो दुर्घटनाग्रस्त वाहनो को थाने ले गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार बुद्धवार को अफजलगढ़ निवासी जुबेर पिकअप मे मुर्गा लेकर शेरकोट आ रहा था। यहा ग्राम नुरपुर छीपरी के पास एक ट्रक ने सामने से उसकी गाडी मे टक्कर मार दी जिसमे चालक जुबेर घायल हो गया। बताया जाता हैं कि सुबह कोहरे व तेज रफ्तार के चलते उक्त हादसा हुआ। सूचना पर पुलिस ने पहुँच घायल जुबेर को उपचार हेतू रवाना किया तथा दोनो वाहनो को अपने साथ थाने ले गयी।हादसे मे पिकअप वाहन पूरी तरह श्रतिग्रहस्त हो गया।

# महाराणा प्रताप के वंशज डॉ लक्ष्यराज मेवाड़ का गांव फीना में हुआ भव्य स्वागत

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**



**बिजनौर :** मेरा गांव मेरा अभिमान फीना एवं महाराणा प्रताप क्षत्रिय राजपूत सभा द्वारा मेवाड़ राजवंश के 77वें एकलिंग दीवान, महाराणा प्रताप के वंशज जी हुजूर डॉ लक्ष्य राज मेवाड़, प्रियंका मॉडर्न स्कूल धामपुर के 40 वे वार्षिकोत्सव सम्मेलन में जाते समय फीना गांव में रुके। मेरा गांव मेरा अभिमान एवं क्षेत्र के विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी एवं सदस्य द्वारा महाराणा प्रताप के वंशज का भव्य स्वागत किया गया। पश्चिम उत्तर प्रदेश में प्रथम बार मेवाड़ राजवंश उदयपुर से महाराणा प्रताप के वंशज पधारे। कारगिल शहीद अशोक की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी।लक्ष्य राज द्वारा पौधा रोपण भी किया गया। महाराणा प्रताप के वंशज डॉ लक्ष्यराज मेवाड़ को सामाजिक एवं पर्यावरण क्षेत्र में विभिन्न कार्यों के लिए 9 गिनीज बुक रिकॉर्ड के लिए नामित किए गए। मेरा गांव मेरा अभिमान के संयोजक नरेश वत्स ने जानकारी दी। जब नरेश वत्स अपने परिवार के साथ सिटी पैलेस उदयपुर में अरविंद सिंह मेवाड़ से मिले थे।तब अरविंद सिंह मेवाड़ ने बिजनौर आने की इच्छा व्यक्त की थी। लक्ष्यराज मेवाड़ ने अपने पिता जी के वचन को पूर्ण करते अपने स्वर्गीय पिता श्रीजी अरविंद सिंह मेवाड़ के जन्म तिथि 13 दिसंबर को महात्मा विदुर की धरती बिजनौर आकर वचन पूर्ण किया डॉ लक्ष्य राज मेवाड़ का तलवार भेंट कर एवं राज चिन्ह का स्मृति चिन्ह नरेश वत्स एवं मनोज राजपूत द्वारा भेंट कर स्वागत किया गया। पूर्व प्रधान ममता राजपूत द्वारा लक्ष्यराज का तिलक कर स्वागत किया गया। उपस्थित जनस्प्रभु द्वारा फूलों की वर्षा कर स्वागत किया गया। स्वागत करने वालों में जिला अध्यक्ष जयवीर सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष विपुल प्रताप ठाकुर, अभी प्रताप सिंह, शैलेंद्र प्रताप, सत्यम, मास्टर धीरेश बहादुर राजपूत, देवराज सिंह, मीनू सिसोदिया, गायत्री देवी आदि उपस्थित रहें।

# साइबर अपराध के प्रति विद्यार्थी रहे सतर्क हल्दौर पुलिस



**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

जनपद बिजनौर झालू नांगल जट्ट इंटर कॉलेज में बुधवार को साइबर अपराध एवं मिशन शक्ति कार्यक्रम उच्चाधिकारियों के नेतृत्व में चलाया गया जिसमें चलाकर छात्र-छात्राओं को साइबर अपराध के प्रति सतर्क रहने की जानकारी देने के साथ-साथ मिशन शक्ति के बारे में भी अवगत कराया गया। इस अवसर पर उप निरीक्षक गुरु चरण गिल, उप निरीक्षक संदीप कुमार, कांस्टेबल हिमांशु शर्मा, कांस्टेबल विकास कुमार तथा हेड कांस्टेबल सुधा रानीआदि के साथ-साथ विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

# वरिष्ठ पत्रकार चौधरी शेर सिंह को मातृ शोक

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**



**नूरपुर।** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के ब्लॉक अध्यक्ष एवं नगर के वरिष्ठ पत्रकार चौधरी शेर सिंह की माताजी ओमवती 78 वर्ष का निधन हो गया। वे पिछले काफी समय से बीमार चल रही थी। उनके निधन की खबर से पत्रकार जगत में व नगर में शोक की लहर दौड़ गई। क्षेत्रीय विधायक राम अवतार सैनी, सहकारी संघ के पूर्व सभापति चौधरी रणबीर सिंह, किसान सेवा समिति के सभापति पुनीत कुमार बॉबी, रामलीला कमेटी के अध्यक्ष सचिन चौधरी, सपा नगर अध्यक्ष जुल्फिकार कुरैशी, चौधरी ईसमपाल सिंह, चौधरी अजयवीर सिंह, नगर मंडल महामंत्री वीर प्रकाश सिंह भुइयार, चंदन पैलेस के डायरेक्टर अमित चौधरी एवं नगर व क्षेत्र के पत्रकारों ने उनके निवास पर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की।

# पश्चिम उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट बैंच की स्थापना के लिए अधिवक्ताओं ने कराया बुलंदशहर बंद

**वेलकम इंडिया**



**बुलंदशहर:** अधिवक्ताओं के प्रदर्शन से बुलंदशहर बंद का दिखा असर।प्रदर्शन की रैली का कोमल गुर्जर अधिवक्ता ने संभाला मोर्चा lबुलंदशहर में सड़कों पर उतरे वकील,पश्चिम उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट बेंच की मांग को लेकर अधिवक्ताओं ने भरी हुंकार, कलेक्ट्रेट का किया घेराव, प्रधानमंत्री के नाम जिलाधिकारी श्रुति को दिया ज्ञापन। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के आह्वान पर बुलंदशहर के बाजारों में पसरा सन्नाटा, व्यापारी सुरक्षा फोरम, भारतीय उद्योग व्यापार मंडल,उद्योग व्यापार मंडल, संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के व्यापारियों ने दिया प्रदर्शन को समर्थन lअधिवक्ता एकता जिंदाबाद' के नारों के साथ वकीलों ने सरकार के खिलाफ बुलंद की आवाज। भारतीय किसान यूनियन महाशक्ति, भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक,भारतीय किसान यूनियन बलराज ने भी अधिवक्ताओं की मांग का किया समर्थन। वेस्ट यूपी के लोगों को सस्ता और सुलभ न्याय दिलाने के लिए हाईकोर्ट बेंच की मांग ने पकड़ा जोर। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सुमन कुमार सिंह राघव महासचिव अमित चौहान कोषाध्यक्ष मनीष मित्तल भूप सिंह भाटी, नागर पूर्व महासचिव मनोज शर्मा, पूर्व डीजीसी राजेंद्र गौतम, शैलेंद्र कुमार, सिविल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष यशपाल राघव, महासचिव कपिल मोहन, पूर्व अध्यक्ष संजय दिक्षित सहित दोनों बार एसोसिएशन के अनेक पदाधिकारी सहित सैकड़ों की संख्या में जुटे अधिवक्ताओं ने बेंच स्थापना की मांग हेतु किया प्रदर्शन।

# विधायक खेल स्पर्धा का फीता काटकर किया शुभारंभ

**वेलकम इंडिया**



बुलंदशहर बुधवार को सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत विधायक खेल स्पर्धा के पहले दिन विधानसभा क्षेत्र सिकंद्राबाद के वैदिक इंटर कॉलेज, औरंगाबाद अहीर के खेल मैदान में हुआ जिसका उद्घाटन विधायक लक्ष्मीराज सिंह के द्वारा फीता काटकर किया गया।प्रतियोगिता का आयोजन युवा कल्याण विभाग द्वारा कराया गया।पहले दिन के खेलों में एथलेटिक्स, कबड्डी, वॉलीबॉल, कुश्ती, जूडो, भारोतोल्लन विधाओं का आयोजन किया गया। मा० विधायक जी द्वारा सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामनायें की गई।इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख गुलावठी नेहा यादव, पूर्व चेयरमैन गन्ना समिति सुनील यादव आदि जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। प्रतियोगिता का सफल आयोजन जिला युवा कल्याण अधिकारी महिपाल सिंह, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी अंकित भाटी, सुनील कुमार, भूपेंद्र सिंह अत्री, शुभम राणा, राजकमल, व्यायाम प्रशिक्षक दीपक कुमार की देखरेख में बेसिक शिक्षा विभाग के खेल शिक्षकों के सहयोग से किया गया।

वॉलीबॉल में बालक वर्ग में सब-जूनियर में भजनलाल भाटी इंटर कॉलेज ककोड़, जूनियर वर्ग में बसंती देवी ग्लोबल स्कूल देवली तथा सीनियर वर्ग में औरंगाबाद अहीर की टीम विजेता रही। कबड्डी में बालक वर्ग में सब-जूनियर में नंगला काला, जूनियर में एस के इंटर कॉलेज की टीम विजेता रही। वहीं बालिका कबड्डी में सब-जूनियर में चौबीसा कन्या इंटर कॉलेज मोहाना तथा जूनियर वर्ग में दयावती दीवान इंटर कॉलेज सिकंद्राबाद की टीम ने जीत दर्ज की। बालक 100 मीटर सब-जूनियर में मानव प्रताप, जूनियर में रमेश तथा सीनियर में बंटी ने दौड़ जीती। बालिका 100 मीटर सब-जूनियर में काव्य जूनियर में खुशी यादव विजेता रही। 200 मीटर में राहुल, योगेश, अफ़्शा, 400 मीटर में नितिन, दीपांशी, 800 मीटर में नेहा, खुशी, विष्णु, 1500 अर्जुन, यश जीते।

# रक्सा में लगा विशाल नि:शुल्क नेत्र परीक्षण एवं ऑपरेशन शिविर



**वेलकम इंडिया**


**झाँसी।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डलीय महिला मण्डल, झाँसी के तत्वावधान में पंचायत भवन, राजापुर रोड, रक्सा में एक विशाल निःशुल्क नेत्र परीक्षण एवं ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में श्री सद्?गुरू नेत्र चिकित्सालय, जानकी कुण्ड चित्रकूट से आई विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा आधुनिक मशीनों से 415 मरीजों की आंखों की गहन जांच की गई। लगभग 150 मरीजों को चश्मे वितरित, व 45 मरीजों को ऑपरेशन के लिए चित्रकूट भेजा गया. शिविर के दौरान आंखों की विभिन्न बीमारियों से पीड़ित मरीजों की जांच कर मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु मरीजों का चयन किया गया। चयनित मरीजों का ऑपरेशन चित्रकूट स्थित चिकित्सालय में किया । ऑपरेशन पूर्णतः निःशुल्क होगा तथा मरीजों को ऑपरेशन के उपरांत चश्मा, दवाइयां, भोजन एवं आवागमन की सुविधा भी निःशुल्क उपलब्ध कराई गयी ।

# लंबित मामलों का जल्द करें निस्तारण एसडीएम

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

जनपद बिजनौर धामपुर एसडीएम स्मृति मिश्रा ने तहसील परिसर में मासिक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान रिकार्ड रूम में कमियां मिलने और तीन से पांच वर्ष से अधिक पुराने मामले पेडिंग पड़े होने पर सख्त नाराजगी जताई।इस दौरान कोर्ट रूम का भी निरीक्षण किया और कर्मचारियों मामलों का जल्द निस्तारण करने के आदेश दिए। मंगलवार को एसडीएम स्मृति मिश्रा ने रिकार्ड रूम, तहसीलदार और नायब तहसीलदार कोर्ट, कलेक्शन आफिस, रजिस्टर्ड कानूनगो कार्यालय आदि का निरीक्षण किया।उन्होंने बताया कि कोर्ट में कई मामले पांच वर्ष से अधिक पुराने पेंडिंग मिले हैं तहसील के मासिक निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने कर्मचारियों को दिए सख्त निर्देश जिस पर कर्मचारियों से तीन से लेकर पांच वर्ष से पुराने मामलों का निस्तारण ना होने का कारण पूछा गया।इसके अलावा रिकार्ड रूम में फाइलों का रखरखाव और साफ-सफाई ठीक से नहीं पाई गई।जिस पर एसडीएम स्मृति मिश्रा ने नाराजगी जताते हुए सभी कर्मचारियों को सुधार करने के निर्देश दिए।साथ ही पुराने पेंडिंग कोर्ट केसों को जल्द निपटाने के निर्देश दिए।वहीं कोर्ट में आने वाली आपत्तियों को भी सूचीबद्ध करके उनको जल्द निस्तारित करने के निर्देश दिए।



# डीएम ने पल्टादेवी मंदिर कॉरिडोर निर्माण कार्य का लिया जायजा

**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**



**पल्टादेवी/सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने बुधवार को शोहरतगढ़ स्थित पल्टादेवी मंदिर कॉरिडोर निर्माण कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया। यह कार्य राज्य पर्यटन विकास निगम लिमिटेड द्वारा कराया जा रहा है। उन्होंने निर्माण की प्रगति, गुणवत्ता और भविष्य की आवश्यकताओं का बारीकी से जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि पल्टादेवी मंदिर न केवल स्थानीय आस्था का प्रमुख केंद्र है, बल्कि यह क्षेत्रीय पर्यटन की दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण स्थल है। उन्होंने कॉरिडोर निर्माण के साथ-साथ मूलभूत सुविधाओं के विकास पर भी जोर दिया, ताकि श्रद्धालुओं और पर्यटकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

उन्होंने जिला पर्यटन अधिकारी को निर्देश दिया कि मंदिर तक पहुंचने वाली सड़क की स्थिति में सुधार, सुव्यवस्थित पार्किंग व्यवस्था, मंदिर परिसर एवं कॉरिडोर क्षेत्र में पर्याप्त लाइटिंग, स्वच्छ और उपयोगी शौचालय तथा मंदिर से जुड़े तालाब की नियमित साफ-सफाई से संबंधित प्रस्ताव तैयार कर शासन को शीघ्र प्रेषित किया जाए।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निर्माण कार्य में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्य समयबद्ध और मानकों के अनुरूप पूरा होना चाहिए। साथ ही, श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुगम आवागमन और सौंदर्यीकरण पर विशेष ध्यान देने को कहा गया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों से अपेक्षा जताई कि कार्य पूर्ण होने के बाद पल्टादेवी मंदिर क्षेत्र को एक सुव्यवस्थित और आकर्षक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाए। स्थानीय लोगों का मानना है कि कॉरिडोर निर्माण और सुविधाओं के विस्तार से मंदिर की धार्मिक गरिमा बढ़ेगी और क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। इससे स्थानीय रोजगार के अवसर सृजित होने की संभावना भी है। निरीक्षण के दौरान संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## खाद बिक्री केंद्रों पर कृषि विभाग का छापा, सात दुकानों के लाइसेंस निलंबित

**सिद्धार्थनगर।** जिले में खाद के लिए जारी मारामारी और कालाबाजारी व ओवररेटिंग को रोकने के लिए अफसरों की टीम बुधवार को फील्ड में उतरी। ब्लॉक स्तर पर काम करने वाली टीम ने 58 सहकारी समिति और 211 निजी दुकानों की जांच की इसमें ओवर रेटिंग और अन्य प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर सात दुकानों का लाइसेंस निलंबित करने की कार्रवाई की। जांच में बीडीओ सहित कई अधिकारी शामिल रहे। यूरिया की किल्लत और किसानों की परेशानी को देखते जिलाधिकारी के निर्देश पर ब्लॉक स्तर पर एसडीएम, बीडीओ, एडीओ, कृषि, सहकारिता विभाग के कुल 150 से अधिक अफसर फील्ड में हकीकत जानने और किसानों को आसानी से यूरिया मुहैया कराने के उद्देश्य से जांच की। इसमें 58 समितियों पर खड़े होकर यूरिया का वितरण करवाया।

## एक करोड़ से अधिक की साइबर ठगी का पुलिस ने किया खुलासा, पांच अभियुक्त गिरफ्तार

**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**



**सिद्धार्थनगर।** जनपद सिद्धार्थनगर की पुलिस ने एक करोड़ से अधिक की साइबर ठगी का खुलासा किया है। इस मामले में पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार, ये गिरोह लोगों को विभिन्न तरीकों से धोखा देकर उनसे पैसे ठगता था। आरोपियों से पूछताछ जारी है और पुलिस मामले की तह तक जाने की कोशिश कर रही है।

सिद्धार्थनगर पुलिस ने साइबर ठगी के एक बड़े मामले का पदार्फाश करते हुए पुलिस ने पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि आरोपितों ने देश के विभिन्न प्रांतों के लोगों को झांसे में लेकर एक करोड़ सात लाख तीन हजार सात सौ बीस रुपये की धनराशि अपने खातों में मंगाई और उसे निजी उपयोग में खर्च किया।

पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों ने ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी के माध्यम से देश के विभिन्न राज्यों के नागरिकों को ठगी का शिकार बनाया। इस प्रकरण में कोतवाली कपिलवस्तु में मुकदमा दर्ज किया गया है। इन शिकायतों में लोगों से छल कर धनराशि म्यूल खातों के माध्यम से मंगाने की पुष्टि हुई। इसी आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पांचों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तार आरोपितों में शहजाद खान पुत्र अब्दुल कलीम, निवासी कस्बा अलीगढ़वा, थाना कपिलवस्तु सिद्धार्थनगर, आशीष कुमार मिश्रा उर्फ अन्नू मिश्रा पुत्र दिवाकर मिश्रा, मूल निवासी ग्राम बरकुल, थाना चाकर चौड़ा, नेपाल, वर्तमान पता कस्बा अलीगढ़वा, थाना कपिलवस्तु, परवेज पुत्र अब्दुल गफ्फार, मूल निवासी ग्राम भैंस कुंडा, थाना पकड़ी, नेपाल, वर्तमान पता अलीगढ़वा, थाना कपिलवस्तु, अब्दुल अहद पुत्र हामीद हुसैन, निवासी बेलौहा बाजार, थाना खेसरहा, वर्तमान पता ग्राम सरदार नगर, थाना कपिलवस्तु तथा मोहम्मद वसीम पुत्र अब्दुल समद, निवासी अलीगढ़वा, थाना कपिलवस्तु, जनपद शामिल हैं।

## सार संक्षेप

### हिदायतुल्लाह शम्सी अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ एआईएमआईएम पार्टी की ली सदस्यता



**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**

**इटवा/सिद्धार्थनगर।** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन अकटकट जिला अध्यक्ष निशात अली की अध्यक्षता मे बुधवार को विधानसभा इटवा के हिदायतुल्लाह शम्सी अपने समर्थक शकील अहमद, ईसा चौधरी, सैफुल्लाह सहित सैंकड़ो साथियो के साथ अकटकट पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर मुख्य महासचिव नईम अख्तर अंसारी, यूथ जिला अध्यक्ष मेराज उल हक चौधरी, जिला महासचिव खान रिजवान जफरुल्लाह, बांसी विधानसभा बांसी नगर अध्यक्ष अब्दुल सलाम, अध्यक्ष आसिफ इकबाल खान, इटवा विधानसभा अध्यक्ष सरवर आलम, डुमरियागंज विधानसभा अध्यक्ष शम्स तबरेज खान, इटवा नगर अध्यक्ष सय्यद अब्दुल अजीम, जिला सचिव आफताब अहमद, जिला कार्यकारिणी सदस्य आतिफ अख्तर खान, अरमान अली सहित पार्टी के सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### अब ट्रेन में ज्यादा सामान ले जाने पर उसका लगेगा एक्स्ट्रा शुल्क

**वेलकम इंडिया/एहसान अंसारी**

**नई दिल्ली।** ट्रेन से यात्रा करते समय यात्रियों को निर्धारित सीमा से अधिक सामान ले जाने पर शुल्क देना होगा. रेल मंत्री वैष्णव ने तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) सांसद वेमिरेड्डी प्रभाकर रेड्डी द्वारा पूछे गए प्रश्नों के लिखित उत्तर में यह बात कही। वैष्णव ने कहा, ह्यह्यवर्तमान में, यात्रियों द्वारा डिब्बों के अंदर अपने साथ सामान ले जाने की श्रेणीवार अधिकतम सीमा निर्धारित की गई है, रेल मंत्री द्वारा लिखित उत्तर में साझा की गई जानकारी के अनुसार, द्वितीय श्रेणी में यात्रा करने वाले यात्री को 35 किलोग्राम वजन तक सामान निशुल्क ले जाने की अनुमति है और शुल्क देकर 70 किलोग्राम तक सामान ले जाया जा सकता है। स्लीपर श्रेणी के यात्रियों के लिए 40 किग्रा सामान निशुल्क ले जाने की अनुमति है और अधिकतम सीमा 80 किग्रा है। प्रथम श्रेणी और ह्यएसी टू टियरह्न के यात्रियों को 50 किग्रा तक सामान निशुल्क ले जाने की अनुमति है, जिसकी अधिकतम सीमा 100 किग्रा है. एसी प्रथम श्रेणी के यात्री 70 किग्रा तक सामान निशुल्क ले जा सकते हैं, जबकि शुल्क देकर 150 किग्रा तक सामान ले जाया जा सकता है।

## एसएसबी और पुलिस ने एक तस्कर को पकड़ा छह बोरी खाद एक साईकिल जब्त



**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**

**अलीगढ़वा/सिद्धार्थनगर।** 43वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल सिद्धार्थनगर की सीमा चौकी बजहा और पुलिस चौकी बजहा की संयुक्त गश्ती दल ने भारत-नेपाल सीमा पर यूरिया की तस्करी करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। टीम ने उसके पास से 6 बोरी यूरिया और एक साइकिल जब्त की। यह कार्रवाई 16 दिसंबर को सिद्धार्थनगर जिले में हुई।सीमा चौकी बजहा और पुलिस चौकी बजहा की संयुक्त गश्ती दल सीमा स्तंभ संख्या 552/1 के पास तैनात थी। गश्ती दल ने कुछ व्यक्तियों को साइकिल और सिर पर बोरियां लेकर नेपाल की ओर जाते देखा। पुलिस को देखते ही वे साइकिल और सामान छोड़कर नेपाल सीमा की ओर भागने लगे।गश्ती दल ने तत्परता दिखाते हुए घेराबंदी की और एक व्यक्ति को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान कुल 6 बोरी यूरिया और एक साइकिल बरामद हुई।पकड़े गए व्यक्ति की पहचान कुंजन (33 वर्ष) पुत्र शंकर, निवासी रामनगर, थाना कपिलवस्तु, जिला सिद्धार्थनगर के रूप में हुई। जब्त की गई यूरिया खाद और साइकिल के साथ आरोपी को अग्रिम कानूनी कार्रवाई के लिए पुलिस थाना कपिलवस्तु को सौंप दिया गया है।

## उत्तरायणी मेले को आयोजित करने को लेकर मेलाध्यक्ष और मेलाधिकारी ने मेला समिति के साथ की बैठक

**वेलकम इण्डिया**



**बागेश्वर, गोविन्द मेहता।** उत्तरायणी मेले की तैयारियों को लेकर मेलाध्यक्ष,मेलाधिकारी सहित ईओ और मेला समिति से जुड़े लोगों के साथ बैठक हुई।मेलाध्यक्ष सुरेश खेतवाल की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में आगामी जनवरी माघ माह में आयोजित होने वाले मेले को अन्य वर्षों की भांति और अधिक भव्य और आकर्षक बनाने हेतु विचार विमर्श हुआ।पालिकाध्यक्ष सुरेश खेतवाल ने कहा उत्तरायणी मेला बागेश्वर जिले की प्रमुख पहचान है।

मेला धार्मिक,सांस्कृतिक,और व्यवसायिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है।विगत वर्षों की भांति मेलार्थियों को पालिका और प्रशासन द्वारा बेहतर व्यवस्थाए प्रदान हो इसके लिए आवश्यक विन्दुओ, कार्यक्रमों को इंगित कर मेले को ऐतिहासिक बनाने का बेहतर प्रयास किया जाए।मेले को भव्य बनाने हेतु मेला समिति द्वारा मेलास्थल सहित नगर में रँगरोधन सहित बाहरी व्यापारियों को उचित व्यवस्था मिले इसके लिए भी उचित व्यवस्था बनाई जाएगी।पूर्व वर्षों की भांति मेले में मुख्य आकर्षण क्या होगा क्या व्यवस्थाए की जाएंगी इसके लिए लगातार पालिका द्वारा प्रयास किया जा रहा है।

वही मेलाधिकारी व उपजिलाधिकारी प्रियंका रानी ने बैठक को भव्य और ऐतिहासिक बनाने हेतु पालिका द्वारा विभिन्न कार्यक्रमो की रूपरेखा तैयार कर आयोजन को भव्य बनाने हेतु कोई कोरकसर नही छोड़ने,जिला प्रशासन द्वारा पर्याप्त सहयोग दिए जाने,की बात कही।

बैठक में ईओ डीएस जीना ने मेलाधिकारी को पालिका द्वारा विभिन्न कार्यक्रमो की रूपरेखा तैयार कर समिति से चयनित प्रस्तावों और तैयारियों को लेकर इसकी रिपोर्ट जिला प्रशासन को भेजे जाने और बेहतर समन्वय से मेले को ऐतिहासिक बनाने की बात कही।


इस दौरान मेलसमिति से जुड़े सदस्य सभासद प्रेम सिंह हरडिया, विनोद पाठक, अंकित नगरकोटी, दीपक रौतेला,अजय चंदोला,मनोज कुमार, दीपक कार्की, पूरन नगरकोटी,आदि मौजूद थे।

## बढ़ती ठंड के साथ कोहरे की एंट्री, तापमान में आई गिरावट सर्द हवाओं ने बढ़ाई गलन

**सिद्धार्थनगर।** कड़ाके की ठंड का सितम अब बढ़ने लगा है। मंगलवार से ही बदले मौसम के मिजाज का असर बुधवार को भी देखने को मिला। रात में सर्द हवा चलने से तापमान 8.3 डिग्री सेल्सियस तक लुढ़क गया था, जिससे ग्रामीण क्षेत्र में सात बजे ही सन्नाटा छा गया। इस दौरान घने कोहरे ने जहां लोगों की परेशानी बढ़ाई। वहीं तापमान गिरने से लोगों को गलन का भी सामना करना पड़ा। घना कोहरा और ठंड के चलते लोग देर तक बिस्तर में दुबके रहे। वहीं इससे ठंड और गलन में भी इजाफा हो गया। कोहरे के चलते सुबह आठ बजे तक दृश्यता काफी कम रही, जिससे लोग सड़कों पर वाहन की लाइट जलाकर चलते नजर आए। इसका असर आम जनजीवन के साथ-साथ यातायात व्यवस्था पर भी पड़ी। सुबह के समय सड़कों पर वाहन रेंगते नजर आए। हाईवे और संपर्क मार्गों पर दृश्यता घटकर 30 से 50 मीटर तक रह गई, जिससे वाहन चालकों को लाइट जलाकर चलना पड़ा।

## भक्ति और संस्कृति के संगम के साथ संपन्न हुई ब्रज चौरासी कोस यात्रा

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा/वृंदावन।** ब्रज की पावन धरा पर श्रद्धा और अटूट विश्वास का अनूठा दृश्य देखने को मिला, जहाँ श्रीहित हरिवंश प्रचार मंडल ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित आठ दिवसीय ब्रज चौरासी कोस दर्शन यात्रा हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुई।

इस यात्रा में देशभर से आए श्रद्धालुओं ने ब्रज की रज को मस्तक पर लगाकर आध्यात्मिक शांति का अनुभव किया। यह यात्रा श्रीराधावल्लभ मंदिर के वर्तमान तिलकायत अधिकारी श्रीहित मोहित मराल गोस्वामी महाराज एवं श्रीहित शोभित लाल गोस्वामी महाराज (युवराज) के पावन सानिध्य में पूर्ण हुई। यात्रा के दौरान तिलकायत अधिकारीजी महाराज एवं युवराज महाराज के पावन सानिध्य में भक्तों ने ब्रज के गूढ़ रहस्यों और लीला स्थलों की महिमा को जाना। आठ दिनों तक चली इस यात्रा में भक्तों ने ब्रज के प्राचीन मंदिरों, पौराणिक कुंडों और भगवान श्रीकृष्ण की लीला स्थली के दर्शन किए। ब्रज चौरासी कोस की पूरी यात्रा के दौरान जगह-जगह पर भजन-कीर्तन और सत्संग की अविरल धारा बहती रही, जिससे वातावरण पूरी तरह भक्तिमय बना रहा, साथ ही देशभर से आए भक्तों को ब्रज की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को करीब से देखने और समझने का अवसर भी प्राप्त हुआ। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, ब्रज की चौरासी कोस की परिक्रमा करने से जीव के चौरासी लाख योनियों के बंधन कट जाते हैं। यात्रा के संपन्न होने पर भक्तों ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि ये आठ दिन उनके जीवन के सबसे ऊजार्वान और उत्साह से भरे दिन रहे, इस उक्ति को चरितार्थ करते हुए श्रद्धालुओं ने भावुक मन से यात्रा का समापन किया और श्रीराधावल्लभ लाल के चरणों में अपनी-अपनी हाजिरी लगाई।

## वज्यूला में गर्भवती महिलाओं के लिए शौचालय तक नहीं

**गरुड़।** गरूड़ विकास खंड के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र वज्यूला परिसर स्थित मातृत्व शिशु कल्याण केंद्र बदहाल हो गया है। यहां पर गर्भवती महिलाओं हेतु उचित व्यवस्था का अभाव है, यहां गर्भवती महिलाओं का आना जाना रहता है परंतु सुविधा के नाम पर वहां पर एकअदद शौचालय तक नहीं बना है। ग्रामप्रधान संगठन ने इस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए शीघ्र मरम्मत की मांग की है। ग्राम प्रधान संगठन के अध्यक्ष त्रिलोक बुटोला ने जिलाधिकारी व ब्लाक प्रमुख किशन सिंह बोरा को दिए पत्र में कहा है कि वर्तमान में सीएमओ द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र वज्यूला में जिला योजना से मरम्मत कार्य कराया जा रहा है जिससे अस्पताल की सुविधाएं बढ़ी हैं।

## कांग्रेस पार्टी के राष्टीय महिला अध्यक्ष अलका लांबा ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया




**वेलकम इंडिया/एहसान अंसारी**

**नई दिल्ली।** बुधवार को देश भर में मोदी सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया। वही दिल्ली में भी कांग्रेस पार्टी के राष्टीय अध्यक्ष अलका लांबा पार्टी कार्यकताओं के साथ मिलकर मोदी सरकार के खिलाफ भारी विरोध प्रदर्शन किया। जब मंगलवार को दिल्ली की एक कोर्ट ने नेशनल हेराल्ड केस में सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ इडी के मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप पर संज्ञान लेने से इनकार कर दिया। कांग्रेस राष्टीय महिला अध्यक्ष अलका लांबा ने कोर्ट के फैसले का स्वागत किया उन्होंने कहा इस केस में कुछ भी नहीं है।और केवल गांधी परिवार तथा कांग्रेस को बदनाम करने की कोशिश की गई।

# शोहरतगढ़ के भारत माता चौक में हुआ विशाल हिन्दू सम्मेलन

**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**

**शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर।** आदर्श नगरपंचायत शोहरतगढ़ कस्बे के भारत माता चौक पर बुधवार को हिन्दू सम्मेलन समिति की ओर से विशाल हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया।

इस दौरान बतौर वक्ता राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सह विभाग प्रचारक अजीत जी ने जाति-पाति की करो विदाई हिन्दू-हिन्दू, भाई-भाई के स्लोगन के साथ हिन्दू एकता पर बल देते हुए कहा कि संघ यह प्रेरित करता हैं कि हिन्दू समाज को छोटे-बड़े का भेद-भाव मिटाकर सभी को साथ लेकर चलना चाहिए। जब हम सभी एकजुट होंगे, तो हम अपने समाज को आगे बढ़ा सकते हैं और देश की प्रगति में योगदान कर सकते हैं। हिन्दू धर्म की यह विशेषता है कि वह पूरी वसुधा को अपना परिवार मानता है, जो हमें एकता और प्रेम का संदेश देता है। हमारी सभी जातीय तभी सुरक्षित हैं जब हिन्दू सुरक्षित हैं। यह एकता हमें अपनी संस्कृति और परंपराओं को बचाने में मदद करेगी और हमें एक मजबूत समाज बनाने में सक्षम बनाएगी। आगे कहा कि सहभोज नहीं सहज भोज होना चाहिए, यह एकता और समरसता का संदेश देता है। हमें भारत माता का ही यशगान गाना चाहिए, क्योंकि इसी धरती माता ने हमको बड़ा किया है। यह एकता और प्रेम का संदेश देता है, जो हमें अपने देश और संस्कृति के प्रति गर्व महसूस कराता है।

बतौर वक्ता कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वरिष्ठ राष्ट्रीय स्वयं सेवक राम मिलन त्रिपाठी ने कहा कि भारत धरा पर जन्म लेने के लिए भगवान भी लालायित रहते हैं, इसलिए को भारत को देव भूमि कहा जाता है। यह भगवान राम, भगवान कृष्ण जैसे महान अवतारों की जन्मभूमि है। यह हमें अपने देश के प्रति गर्व और सम्मान महसूस कराता है, और हमें इसकी रक्षा और विकास के लिए काम करने के लिए प्रेरित करता है। साथ ही हिन्दू एकता पर बल देते हुए कहा कि अगर हिन्दू जगा होता तो भारत माता के टुकड़े दुकड़े नहीं होते, यह एक ऐतिहासिक सत्य है। भारत के विभाजन के समय, कुछ नेताओं की कुर्सी के लालच और राजनीतिक खेल के कारण भारत माता के दो टुकड़े हो गए। हमें अपने देश और समाज के प्रति जागरूक और सक्रिय रहना चाहिए।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए पंडित राजेंद्र पाण्डेय ने सनातन धर्म एवं संघ के इतिहास पर बिस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि सनातन धर्म और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (फरर) दोनों ही भारतीय इतिहास के महत्वपूर्ण पहलू हैं। राष्ट्रीय बालिका शिक्षा समिति की सह प्रान्त प्रमुख कविता तिवारी ने कहा कि बालक की पहली गुरु माता होती हैं और देश को आगे बढ़ाने में माता की भूमिका बेहद अहम होती है क्योंकि वे बच्चों के चरित्र निर्माण, संस्कारों, नैतिकता और राष्ट्र के प्रति सोच की पहली शिक्षक होती हैं, जो भविष्य के अच्छे नागरिक तैयार करती हैं। लोक गायक अमर मणि दूबे एवं राजन पाण्डेय द्वारा संयुक्त रुप से प्रस्तुत गीत- जिस हिन्दू का खून न खौले, खून नहीं वह पानी है... हिन्दी, हिन्दू हिंदुस्तान... सिंदूर तो केवल झांकी हैं, मेंहदी मिशन अभी बाकी है... आतंकवाद मिटाना हैं तो पाकिस्तान मिटाना होगा... जहां डाल डाल पर सोने की चिड़िया करती है बसेरा... अयोध्या में मंदिर बनवाने वाले आ गए... जो राम को लाये है... आदि देश भक्ति गीतों की प्रस्तुति ने सभी श्रोताओं को अपने तरफ आकर्षित कर भाव विभोर कर दिया।मंचाशीन पदाधिकारियों का परिचय नगर कार्यवाह अखिलेश ने कराया तो वहीं मंच का संचालन ऋषि वर्मा ने किया।


इस दौरान संघ के जिला प्रचारक विशाल जी, हिन्दू परिषद के प्रदेश महामंत्री एवं कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष अनिल सिंह, चेयरमैन उमा अग्रवाल के परिजन पुष्पा देवी, बबिता कसौधन (पूर्व चेयरमैन) बाबा राम उजागिर तिवारी, आनंद कसौधन, विक्रम दिवाकर सिंह, सुरेंद्र पाल, रिक्की अग्रहरी, दुर्गा प्रसाद तिवारी, रामकुमार तिवारी, धर्मेंद्र अग्रहरी, सौरभ गुप्ता, शिव प्रसाद वर्मा (पूर्व चेयरमैन) घनश्याम गुप्ता, बबलू गौड़, वीरेंद्र गौड़, श्यामू जी, पंकज श्रीवास्तव, सुजीत अग्रहरि, राजकुमार मोदनवाल, राजू बाबा, नन्दलाल वर्मा आदि मौजूद रहे।





# डीएम ने किया रैनबसेरों की व्यवस्थाओं का निरीक्षण

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने ठंड के दृष्टिगत नया बस स्टैंड, मथुरा जंक्शन रेलवे स्टेशन गेट नंबर 3 (धौली प्याऊ की ओर) तथा जिला चिकित्सालय मथुरा स्थित रेन बसेरा का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने शीतलहर के दृष्टिगत निराश्रितों को समुचित व्यवस्था उपलब्ध करने के संबंध में रेन बसेरे का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने कहा कि कोई व्यक्ति खुले में ना सोए, जिसके लिए जनपद में रेन बसेरे स्थापित किए गए है। उन्होंने बताया कि रेन बसेरे में अलाव/हीटर की पर्याप्त व्यवस्था है। जिले के विभिन्न अधिकारियों द्वारा रेन बसेरों का निरंतर निरीक्षण किया जा रहा है तथा समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही है।

जिलाधिकारी ने कहा कि निराश्रितों और जरूरतमंदों को हर संभव राहत और मदद प्रदान करने हेतु प्रशासन कटिबद्ध है। जिलाधिकारी ने अवगत कराया है कि सार्वजनिक स्थानों पर अलाव की व्यवस्था की गई है, जिससे ठंड में लोगों को परेशानी का सामना ना करना पड़े। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद ने आने वाले पर्यटकों, श्रद्धालुओं एवं दर्शनार्थियों की सुविधा हेतु पर्यटक सुविधा केंद्रों पर रेन बसेरा बनाए गए है। उन्होंने कहा कि सभी रेन बसेरा में पेयजल (आरओ पानी), बेड, रजाई, तकिया, कम्बल, वाईफाई, चार्जिंग प्वाइंट तथा उत्कृष्ट साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। ग्राम पंचायतों, नगर पंचायतों एवं नगर पालिका में रेन बसेरे बनाए गए है। उन्होंने बताया कि जनपद में 37 स्थानों पर गैस हीटर लगाए गए है। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने निरीक्षण के दौरान रैन बसेरा में मौजूद लोगों को कंबल वितरण किए। जिलाधिकारी ने अवगत कराया कि गोवर्धन तहसील में 13 स्थानों, महावन में 13 स्थानों, मांट में 10 स्थानों, छाता में 7 स्थानों तथा सदर में 16 स्थानों पर अलाव की व्यवस्था की गई है। कुल 59 स्थानों पर अलाव की व्यवस्था की गई है। जिलाधिकारी ने अवगत कराया कि तहसील गोवर्धन में 5 रेन बसेरा, तहसील महावन में 3 रेन बसेरा, तहसील मांट में 2 रेन बसेरा, तहसील मथुरा में 13 रेन बसेरा तथा तहसील छाता में 4 रेन बसेरा स्थापित किए गए है। जनपद में कुल 27 रेन बसेरा है।

जिलाधिकारी ने अवगत कराया कि जनपद की सभी तहसीलों में जरूरतमंदों को लगातार कंबल वितरित किए जा रहे है। तहसील सदर में 1208, छाता में 1000, मांट में 1000, महावन में 1000 तथा गोवर्धन में 1000 कुल 5208 कम्बल वितरण हेतु दिए गए है, जो निरंतर वितरित किए जा रहे है।

## साइबर ठगी का शिकार हुए पीड़ित को हापुड़ देहात साइबर सेल ने दिलाए पूरे रुपये वापस

**हापुड़।** थाना हापुड़ देहात साइबर सेल द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए अथक प्रयासों के बाद यूपीआई के माध्यम से ठगी का शिकार हुए एक पीड़ित को रू1,05,899/- (एक लाख पाँच हजार आठ सौ निन्यानवे रुपये) की पूरी धनराशि शत-प्रतिशत वापस कराई गई।पीड़ित द्वारा साइबर ठगी की शिकायत दर्ज कराए जाने के उपरांत साइबर सेल की टीम ने तत्परता दिखाते हुए संबंधित बैंक व तकनीकी माध्यमों से समन्वय स्थापित किया और धनराशि को सुरक्षित रूप से रिकवर कराया। पुलिस की इस त्वरित व सराहनीय कार्रवाई से पीड़ित ने राहत की सांस ली। पुलिस प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि किसी भी अनजान कॉल, लिंक या यूपीआई अनुरोध पर तुरंत प्रतिक्रिया न दें तथा किसी भी प्रकार की साइबर ठगी होने पर तत्काल साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं या नजदीकी थाना/साइबर सेल से संपर्क करें।

# कांग्रेस ने वकीलों को दिया समर्थन पश्चिमी यूपी में हाई कोर्ट बेंच की मांग तेज



वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह

**हापुड़।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाई कोर्ट बेंच की स्थापना की मांग को लेकर चल रहे वकीलों के आंदोलन को कांग्रेस पार्टी का समर्थन मिला है। बुधवार, 17 दिसंबर 2025 को जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों ने जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी के नेतृत्व में तहसील स्थित कचहरी परिसर पहुंचकर बार एसोसिएशन हापुड़ के अध्यक्ष संजय कंसल को समर्थन पत्र सौंपा।इस अवसर पर जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी ने कहा कि वकीलों द्वारा पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाई कोर्ट बेंच की स्थापना की मांग को लेकर हापुड़ में बाजार बंद का आह्वान किया गया है, जिसे जिला कांग्रेस कमेटी पूर्ण समर्थन देती है। उन्होंने आश्वासन दिया कि कांग्रेस पार्टी और उसका प्रत्येक कार्यकर्ता वकीलों की इस न्यायोचित मांग में उनके साथ खड़ा है।

राकेश त्यागी ने कहा कि हापुड़ से इलाहाबाद हाई कोर्ट की दूरी लगभग 700 किलोमीटर है, जिसके कारण वादियों को न्याय के लिए अत्यधिक समय और धन खर्च करना पड़ता है। आम जनता और वादियों की इस गंभीर समस्या को देखते हुए पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाई कोर्ट बेंच की स्थापना अत्यंत आवश्यक है।

इस दौरान वकीलों को समर्थन देने वालों में पूर्व विधायक गजराज सिंह, पिलखुआ नगर अध्यक्ष रजनीश त्यागी, पूर्व शहर अध्यक्ष दिनेश चंद शर्मा, विधि प्रकोष्ठ के जिला चेयरमैन एडवोकेट रघुवीर सिंह, पूर्व पिलखुआ नगर अध्यक्ष मदन सिंह चौहान, पूर्व प्रदेश सचिव डॉ. शोएब, जिला महासचिव इकबाल प्रधान, आई.सी. शर्मा, गौरव गर्ग, विक्की शर्मा, भरतलाल शर्मा, अनुज कुमार एडवोकेट, अमरनाथ शर्मा प्रधान, अनूप कर्दम, एडवोकेट दिनेश सैनी, सविता गौतम, रवींद्र गुर्जर, निसार पठान, कुंवर मजहर खान, जकी गोहरी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## सार संक्षेप

### स्वास्थ्य शिविर आयोजित, 40 मरीजों ने लिया परामर्श



**मथुरा/चौमुहां।** ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुँचाने के उद्देश्य से ब्लॉक के गांव अकबरपुर स्थित गोपाल जी मंदिर पर दो दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर ऋतु हेल्थ फाउंडेशन एवं सिंह सर्जिकल एंड ट्रॉमा सेंटर के तत्वावधान में आयोजित किया गया। शिविर के दौरान विशेषज्ञों द्वारा ग्रामीणों को दांत, आंख, नाक और पेट से संबंधित विभिन्न बीमारियों के लिए निःशुल्क परामर्श दिया गया। परामर्श के साथ-साथ जरूरतमंद मरीजों को संस्थान की ओर से मुफ्त दवाएं भी वितरित की गईं। सिंह सर्जिकल एंड ट्रॉमा सेंटर के डॉ. आशुतोष सिंह ने बताया कि उनका संस्थान सामाजिक सरोकारों के प्रति प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, ₹ग्रामीणों को उनके घर के समीप विशेषज्ञ चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराने के लिए अस्पताल द्वारा समय-समय पर इस तरह के निःशुल्क परीक्षण शिविर आयोजित किए जाते हैं। दो दिवसीय इस शिविर में कुल 40 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की गई। इस अवसर पर दंत चिकित्सक डॉ. आरती, भानु सिसौदिया, महेश सिंह, मदन मोहनदास, कौशल सिंह, नंदकिशोर, नरेश, मनोहर आदि उपस्थित रहे।

### डाक विभाग द्वारा आयोजित किया महामेला



**मथुरा।** मुख्य डाकघर मथुरा के उपडाकघर सहपऊ में डाक निरीक्षक उत्तर आनंद शुक्ला के नेतृत्व में महामेला आयोजित किया गया। जिसमें डाकघर द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं को ग्राहकों के समक्ष रखा। इस बीच कैंप में 142 बचत खाते व 46 हजार के करीब डाक बीमा से व्यवसाय किया गया। जिनमें 27 सुकन्या खाते खोले गए। डाक निरीक्षक उत्तर आनंद शुक्ला ने ग्राहकों को ग्रामीण डाक जीवन बीमा, बचत खाता, सुकन्या योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा कई जनकल्याणकारी योजनाएं चला रखी हैं। योजनाओं को जन जन तक पहुंचाना ही डाकघर का लक्ष्य है। इस मौके पर डाकपाल विनीत बघेल, डाक अधिदर्शक ओमप्रकाश, पोस्टमैन हृदेश गौतम, जगदीश शुक्ला, ललित शर्मा, सचिन भड़ाना, शिवम वर्मा, देवकीनंदन, गोपाल सिंह, लक्ष्मी आदि उपस्थित रहे।

### 19 से 25 तक मनाया जाएगा सुशासन सप्ताह-प्रशासन गांव की ओर' अभियान



मथुरा। प्रत्येक वर्ष 25 दिसम्बर को सुशासन दिवस मनाए जाने के परिपेक्ष्य में प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग भारत सरकार द्वारा ₹सुशासन सप्ताह-प्रशासन गांव की ओर₹ दिनांक 19 से 25 दिसम्बर, 2025 के मध्य मनाए जाने का निर्णय लिया गया है। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने अवगत कराया है कि ₹सुशासन सप्ताह- प्रशासन गांव की ओर₹ अभियान के अंतर्गत लोक शिकायतों के निराकरण हेतु तहसील मुख्यालय / पंचायत स्तर पर विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। भारत सरकार की केन्द्रीय लोक शिकायत निवारण प्रणाली में लम्बित लोक शिकायतों का निराकरण किया जाएगा। सुशासन सप्ताह- प्रशासन गांव की ओर₹ अभियान के अंतर्गत स्टेट पोर्टल (आई.जी.आर.एस) में प्राप्त लोक शिकायतों का निराकरण किया जाएगा। ₹ऑनलाइन सर्विस डिलीवरी₹ की सेवाओं में वृद्धि की जाएगी। सर्विस डिलीवरी आवेदनों का निस्तारण किया जाएगा। सुशासन के क्षेत्र में किए गए नवाचारों को फोटोग्राफ के साथ पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा। सुशासन सप्ताह का उद्देश्य देश में पारदर्शी और जवाबदेह प्रशासन प्रदान करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता के बारे में लोगों को जागरूक करता है।

## नाम बदलना राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का अपमान

# मनरेगा का नाम बदलने से कांग्रेसी नाराज , दिया धरना

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर।** केंद्र सरकार द्वारा महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना का नाम बदलने पर कांग्रेस ने कड़ी आपत्ति जताई है। नाराज कांग्रेसी कार्यकताओं ने स्वराज भवन स्थित गांधी मूर्ति के पास केंद्र सरकार के विरोध में धरना दिया। यहां हुई सभा में वक्ताओं ने कहा कि केंद्र सरकार ने मनरेगा जैसी योजना का नाम बदलकर योजना से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का नाम हटाने का षड्यंत्र रचा है, उन्होंने गांधी जी को दलगत राजनीति से हटाकर देश मे सत्य अहिंसा की राह सिखाने वाले पूज्य महात्मा गांधी जी के नाम पर ही योजना पूर्ववत संचालित किए जाने की मांग की।

वही लोकतांत्रिक तरीके से कांग्रेस ने अपना विरोध जताते हुए मनरेगा योजना को पूर्ववत बनाए रखने की मांग की।नाम बदलने को लोकतांत्रिक मूल्यों का हनन बताते हुए, महापुरुषों का सम्मान बनाए रखने और विरोधी नीति के तहत इस तरह महापुरुषों के नाम से संचालित योजनाओं के नाम बदलने की नीति का विरोध किया। कांग्रेसी कार्यकर्ताओ ने इसे कतई सहन नहीं करने की बात कही।कांग्रेस जिलाध्यक्ष अर्जुन भट्ट के नेतृत्व में कार्यकर्ता बुधवार को स्वराज भवन के पास एकत्रित हुए। यहां गांधी मूर्ति के आगे धरने पर बैठ गए। यहां हुई सभा में वक्ताओं ने कहा कि महात्मा गांधी रोजगार योजना का नाम बदलकर केंद्र सरकार ने विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन बिल लाकर महात्मा गांधी जी के नाम को हटाने की साजिश रची है।

उन्होंने नारेबाजी करते हुए केंद्र सरकार से जल्द मनरेगा योजना को बनाए रखने और उसका नाम परिवर्तित नही करने की मांग की है।नारेबाजी करते हुए कहा कि गांधी तेरा ये अपमान नही सहेगा हिंदुस्तान। इस दौरान धरना प्रदर्शन करने में पूर्व जिपं अध्यक्ष हरीश ऐठानी, गोविंद बिष्ट, भगवत डसीला, लोकमणि पाठक, सुनील भंडारी, महेश पंत, रमेश चंद्र, प्रेम राम, बहादुर बिष्ट, ईश्वर पांडेय, विनोद पाठक, राजेंद्र टंगड़िया, बालकृष्ण, मुन्ना पांडेय आदि मौजूद रहे।

# बुंदेलखंड विश्वविद्यालय मे राष्ट्रीय हिंदी विज्ञान सम्मेलन के ब्रोशर का किया गया विमोचन



वेलकम इंडिया

**झांसी।** बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय हिंदी विज्ञान सम्मेलन के ब्रोशर का विमोचन किया गया है। विमोचन करते समय बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर मुकेश पाण्डेय ने कहा कि सम्मेलन का उद्देश्य शोधकताओं को एक मंच प्रदान करना है जिसके द्वारा हिंदी भाषा में शोध कार्य प्रस्तुतीकरण एवं परिचर्चा की जा सके। साथ ही हिंदी भाषा के माध्यम से विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी को लोकप्रिय बनाने की दिशा में यह एक सार्थक प्रयास सिद्ध होगा।

यह आयोजन बुंदेलखंड विश्वविद्यालय में विज्ञान भारती, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद्, लखनऊ एवं रानी लक्ष्मीबाई केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, झांसी के संयुक्त तत्वाधान दिनांक 20-22, मार्च 2026 को आयोजित किया जा रहा है। विज्ञान भारती पूर्वी उत्तर प्रदेश के क्षेत्रीय संगठन मंत्री अंकित राय ने शिक्षकों से कहा कि सम्मेलन में अपने शोध पत्र प्रस्तुत कर कार्यक्रम के सहभागी बनें और अपने संस्थान के सहयोगियों एवं शोधकताओं के बीच प्रसारित कर उन्हें भी कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए प्रेरित करें।

इस अवसर पर पूर्व वैज्ञानिक डॉ जयप्रकाश शुक्ला, संयोजक डॉ डी के भट्ट, सहसंयोजक डॉ विजय कुमार यादव, आयोजन सचिव डॉ संजीव कुमार श्रीवास्तव, सह सचिव डॉ अनुपम व्यास, सहित कई शिक्षक उपस्थित रहे।

# सक्सेस करियर कंप्यूटर एजुकेशन संस्थान का 11वां वार्षिक उत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया

वेलकम इंडिया



**चिरगांव (झांसी)।** सक्सेस करियर कंप्यूटर एजुकेशन संस्थान का 11वां वार्षिक उत्सव चिरगांव नगर के शिव टेंट हाउस विवाह घर में बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ समाजसेवी अरविंद कुमार वशिष्ठ एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में चिरगांव थाना वरिष्ठ उप निरीक्षक आनंद कुमार जी रहें।

वार्षिक उत्सव में विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में नृत्य, गीत, नाटक एवं प्रेरणादायक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया, जिसे उपस्थित जनसमूह ने खूब सराहा।कार्यक्रम के दौरान संस्थान द्वारा विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धियों एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मेधावी छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया एवं वहीं वहीं भिन्न-भिन्न प्रतियोगिताएं भी सम्पन्न हुई जिसमें महिला बैलून गेम में दीपा अहिरवार प्रथम वैष्णवी लक्ष्यकार द्वितीय साक्षी तृतीय एवं पुरुष बैलून गेम्स में अभिषेक पटेल प्रथम नैतिक द्वितीय अभिषेक जरयाई तृतीय वहीं पुरुष नींबू गेम्स में अंकुश यादव प्रथम विशाल राजपूत द्वितीय शिवा तृतीया तथा महिला नींबू गेम्स में रानी राजा प्रथम वैशाली द्वितीय आरभी तृतीया तथा डांस प्रतियोगिता में रिमझिम चतुर्वेदी प्रथम संगीत प्रतियोगिता में दिव्या गुप्ता प्रथम देवांश कुशवाहा द्वितीय स्थान पर रहे। सभी प्रतिभागियों को मंचाशीन अतिथियों ने स्मृति चिन्ह प्रशस्ति पत्र एवं मैडल पहनाकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि अरविंद वशिष्ठ ने कहा कि आज के जीवन के दौड़ में कंप्यूटराइज शिक्षा के बिना जीवन अधूरा है इसलिए सभी छात्र-छात्राओं को अन्य विषयों के साथ-साथ कंप्यूटर की शिक्षा जरूर ग्रहण करना चाहिए।

# पुलिस की बड़ी कार्रवाई, मुठभेड़ में वांछित शातिर चोर गिरफ्तार



वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह

**हापुड़।** जनपद में अपराध की रोकथाम एवं चोरों/वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना हापुड़ नगर पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। पुलिस ने चोरी की घटना में वांछित चल रहे एक शातिर अभियुक्त को पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया है।गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से पुलिस ने 8,000 रुपये नकद तथा सफेद धातु के दो सिक्के बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार अभियुक्त जनपद में चोरी की कई घटनाओं में संलिप्त रहा है और लंबे समय से फरार चल रहा था। पुलिस द्वारा अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय में प्रस्तुत किया जा रहा है।


# मिनीलैंड कॉवेंट स्कूल में ज़िला योग प्रतियोगिता को तैयारियों को लेकर बैठक, 21 दिसंबर को होगा आयोजन

वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा



**हापुड़।** जनपद में मिनिलैंड कॉवेंट स्कूल में क्रीड़ा भारती हापुड़ व योगासन स्पोर्ट्स संघ हापुड़ द्वारा ज़िला योग प्रतियोगिताझ2025 का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में अंडरझ08 से अंडरझ18 तक के बालक एवं बालिका वर्ग के खिलाड़ी अपनी योग प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। जिला महिला अध्यक्ष वंदना सिंघल ने बताया की योग देश-विदेश में विभिन्न स्तरों पर योगासन स्पधाएं हो रही हैं, जिनमें आयु वर्ग, श्रेणी (पारंपरिक, कलात्मक), और नियमों (जैसे सूर्य नमस्कार व अनिवार्य आसन) के आधार पर प्रतिभागी हिस्सा लेते हैं, जिनमें छात्र, शिक्षक और पेशेवर शामिल होते हैं। ये प्रतियोगिताएं मानसिक-शारीरिक स्वास्थ्य, अनुशासन और सांस्कृतिक गौरव को बढ़ावा देती हैं और सफल प्रतिभागियों को राज्य व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मौका मिलता है। क्रीड़ा भारती के नगर अध्यक्ष गौरव गोयल ने जानकारी देते हुए बताया कि ज़िला योग प्रतियोगिता को चार आयु वर्गों– अंडर 08-11, अंडर 11-13, अंडर 13-15 एवं अंडर 15-18 में विभाजित किया गया है। प्रत्येक आयु वर्ग के लिए योग प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे। इसके साथ ही सर्वाधिक पदक प्राप्त करने वाली टीमों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान की चैंपियनशिप ट्रॉफी देकर सम्मानित किया जाएगा।

# माह दिसम्बर 2025 का किसान दिवस मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित




वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह

**हापुड़।** माह दिसम्बर, 2025 का किसान दिवस कलेक्ट्रेट सभागार, हापुड़ में अपराह्न 12.00 बजे से मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए कृषकों एवं कृषक प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया।

किसान दिवस के अवसर पर उप कृषि निदेशक हापुड़ योगेन्द्र कुमार द्वारा उपस्थित सभी जनपद स्तरीय अधिकारियों एवं कृषक बंधुओं का स्वागत किया गया। गत माह नवम्बर, 2025 के किसान दिवस में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण से संबंधित आख्या उपस्थित कृषकों के समक्ष पढ़कर सुनाई गई तथा संबंधित अधिकारियों द्वारा निस्तारण की विस्तृत जानकारी दी गई। आयोजित किसान दिवस में कृषकों द्वारा अपनी विभिन्न समस्याएं लिखित रूप में प्रस्तुत की गईं।

इस पर मुख्य विकास अधिकारी ने सभी संबंधित जिला स्तरीय अधिकारियों/प्रतिनिधियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने विभाग से संबंधित समस्याओं का निस्तारण अनिवार्य रूप से एक सप्ताह के भीतर करें। साथ ही निस्तारण की कार्यवाही की एक प्रति किसान दिवस के नोडल अधिकारी उप कृषि निदेशक, हापुड़ (कार्यालय–निकट कोतवाली) में उपलब्ध कराएं तथा एक प्रति संबंधित शिकायतकर्ता को भी अनिवार्य रूप से प्रदान करें।

# पत्नी और दो बेटियों के हत्यारे पिता को पुलिस ने भेजा जेल

वेलकम इंडिया





**हत्यारे के कब्जे से तीन तमंचे दस जिंदा व सात खोखा कारतूस बरामद**

**कांधला।(मोहसिन रहमानी)** थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत में पत्नी व दो बेटियों की हत्या करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।पुलिस ने आरोपी के कब्जे से तीन अवैध तमंचे दस जिंदा व सात खोखा कारतूस बरामद किए हैं।तीनों मृतकों के शवों का पीएम होने के महिला के परिजन शवों को अपने गांव ले गए, ओर गमगीन माहौल तीनों शवों को सुपुर्द ए खाक कर दिया।

थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत निवासी फारूख ने अपनी पत्नी ताहिरा की बिना बुर्का पहनकर अपने घर चले जाने से नाराज होकर नौ दिसंबर की रात्रि को गोली मारकर हत्या कर दी थी गली की आवाज सुनकर 14 वर्षीय बेटी आफरीन की आंख खुल गई थी। फारूक ने अपनी बेटी आफरीन को भी गोली मार दी थी।जैसे ही आफरीन को गोली मारी तो आठ वर्षीय सहरीन की भी आंख खुल गई थी आरोप है कि फारूक ने सहरीन की गला दबाकर हत्या कर दी थी, और तीनों शवों को घर के आंगन में खोदे गए सेफ्टी टैंक में डालकर मिट्टी डाल दी थी और ऊपर से ईंटें बिछा दी थी। कई दिन बीत जाने के बाद परिवार को शक हुआ तो परिवार के लोगों ने फारुख से पत्नी और बच्चों के बारे में पूछताछ की फारूक ने बताया था कि उसने अपनी पत्नी और बच्चों को कोतवाली क्षेत्र के गांव लिलोन में किराए के मकान में रख रखा है। फारूक अपने परिवार के लोगों को लेकर लिलोन पहुंचा तो वहां कुछ नहीं मिला। देर शाम को फारुख के पिता दाऊद ने फारूक पर पत्नी व दो पोतियों की हत्या करने का शक जताते हुए तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने मामले को गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों को जानकारी देकर फारुख को हिरासत में ले लिया और कड़ाई से पूछताछ की तो फारुख टूट गया।फारूक ने पुलिस को बताया कि उसने पत्नी सहित दो बेटियों की हत्या कर घर के आंगन में बने सेफ्टी टैंक में दबा रखा है।पुलिस ने मौके पर पहुंच कर सेफ्टी टैंक की खुदाई कराई थी सेफ्टी टैंक के अंदर से पुलिस ने तीनों शवों को बरामद कर पीएम के लिए भेज दिया था।

मौके पर मृतक महिला के परिजन भी आ गए थे। जिन्होंने जमकर हंगामा किया था। सूचना पर एसपी एनपी सिंह भी भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए थे।पुलिस ने पकड़े गए आरोपी के कब्जे से तीन अवैध तमंचे दस जिंदा कारतूस और सात खोखा कारतूस बरामद किए है। पुलिस ने मृतक महिला ताहिरा के पिता आमिर अहमद पुत्र जमील अहमद निवासी गांव नरा थाना मंसूरपुर की तहरीर पर अभियोग पंजीकृत कर आरोपी को जेल भेज दिया है। वही मृतक महिला और उसकी दोनों बेटियों के शवों का पीएम होने के बाद मृतक महिला के परिजन तीनों शवों को अपने गांव ले गए और गमगीन माहौल में सुपुर्द ए खाक कर दिया।

## अवैध संबंधों के शक में तो नहीं की पत्नी और बेटियों की हत्या

कांधला थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत निवासी फारूक का अपनी पत्नी के साथ लगभग एक माह पहले विवाद हो गया था। विवाद के बाद फारूक की पत्नी ताहिरा बिना बुर्के के अपने मायके चली गई थी। फारुख की पत्नी ताहिरा को फारूक का चचेरा भाई मुस्तफा पुत्र इदरीश अपनी जिम्मेदारी पर लेकर गांव में आया था। ताहिरा को लाने के दो–तीन दिन बाद ही मुस्तफा की बड़ौत कोतवाली क्षेत्र के गांव ओसिक्का में पीट पीट कर हत्या कर दी थी। गांव में चर्चा है कि फारुख को शक था कि उसकी पत्नी के चचेरे भाई मुस्तफा से अवैध संबंध है। इसी के चलते फारूख ने 27 नवंबर को मुस्तफा की हत्या की थी, हालांकि मृतक के परिजनों ने मृतक के ससुरालियों पर ही हत्या का आरोप लगाया था। ग्रामीणों का दबी जुबान से कहना है कि अगर मुस्तफा हत्याकांड की बारीकी से जांच की जाए तो दूध का दूध पानी का पानी हो जाएगा।

## ग्रामीणों ने की हत्यारे को फांसी दिए जाने की मांग

कांधला गांव गढ़ी दौलत में जघन्य हत्याकांड को अंजाम देने वाले आरोपी फारुख के खिलाफ ग्रामीणों में भारी आक्रोश है।ग्रामीणों ने प्रदेश सरकार और पुलिस प्रशासन से मांग की है कि आरोपी को फांसी की सजा दी जाए। फारुख ने गांव को कलंकित करने का काम किया है। मीडिया ने जब फारुख से कैमरे के सामने हत्या करने की बात पूछी तो फारूख ने केवल हां और ना में जवाब दिया। हत्यारोपी के चेहरे पर साफ दिखाई दे रहा था कि उसे हत्या करने का कोई अफसोस नहीं है।

## पत्नी के मायके से वापस आने के बाद शुरू की थी हत्या की प्लानिंग

**कांधला।** फारूक ने अपनी पत्नी हत्या की प्लानिंग पत्नी के मायके से वापस आने के बाद से ही शुरू कर दी थी। फारूख ने पहले कैराना क्षेत्र से तीन अवैध तमंचे और बीस कारतूस खरीदे थे। फारूख ने हत्याकांड को अंजाम देने से तीन दिन पहले तक लगातार कई कई राउंड फायर किए? थे। पुलिस पूछताछ में फारूख ने बताया है कि उसने तीन खोखे फायर करने के बाद फेंक दिए थे, बाकी सात खोखे अपने पास रख लिए थे।

## थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार की सख्ती के सामने टूट गया था हत्यारोपी

**कांधला।** गांव गढ़ी दौलत में हुए जघन्य हत्याकांड को लेकर अगर पुलिस ढिलाई बरतती तो बड़ा बवाल हो सकता था। जैसे ही पुलिस को फारुख के पिता दाऊद ने अपनी पुत्रवधू और दो पोतियों के गायब होने की सूचना दी तो पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए फारूख को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में फारूख ने कई बार पुलिस को गुमराह करने का प्रयास किया, लेकिन थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार की सख्ती के आगे फारूख टूट गया और हत्या करना कबूल करते हुए तीनों शवों को बरामद कराया। अगर पुलिस मामले को हल्के में ले लेती तो गांव में बड़ा बवाल हो सकता था।

## परिषदीय, अशासकीय सहायता प्राप्त एवं अन्य बोर्ड से मान्यता प्राप्त समस्त विद्यालयों में समय परिवर्तन

**संतकबीरनगर।** जिलाधिकारी आलोक कुमार ने भारत मौसम विज्ञान विभाग द्वारा जारी किये गये बुलेटिन के आधार तथा जनपद में अत्यधिक ठंड एवं शीत पड़ने के कारण के दृष्टिगत छात्र हित में बेसिक शिक्षा के अन्तर्गत संचालित समस्त परिषदीय, अशासकीय सहायता प्राप्त एवं अन्य बोर्ड से मान्यता प्राप्त समस्त विद्यालयों में कक्षा-01 से 08 तक के छात्रों का शैक्षणिक कार्य दिनांक 18.12.2025 से प्रातः 10.00 बजे से अपरान्ह 03.00 बजे के मध्य अग्रिम आदेश तक संचालित रखने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने समस्त संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि उक्त आदेश का कड़ाई से अनुपालन कराना सुनिश्चित किया जाए।

## जर्जर सड़क ने बढ़ाई मुश्किलें दलित बस्ती के लोगों का प्रदर्शन

वेलकम इंडिया



**कांधला।(मोहसिन रहमानी)** नगर के मोहल्ला रायजादगान में वर्षों से जर्जर पड़ी सड़क के निर्माण को लेकर बुधवार को लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। मोहल्ले के दर्जनों महिला-पुरुषों ने हंगामा करते हुए सड़क के पुनर्निर्माण की मांग की और पालिका प्रशासन को शिकायती पत्र सौंपा।प्रदर्शन कर रहे लोगों ने बताया कि हरिजन चौपाल से लेकर पुलिया तक की सड़क पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुकी है। यह सड़क दलित बस्ती की आबादी के बीच से होकर गुजरती है और वार्ड नंबर एक व वार्ड नंबर तीन को जोड़ती है।करीब 20 वर्ष पूर्व बनी यह सड़क समय के साथ पूरी तरह जर्जर हो गई, लेकिन इतने वर्षों में न तो किसी जनप्रतिनिधि ने ध्यान दिया और न ही पालिका प्रशासन ने सड़क निर्माण कराया।स्थानीय लोगों का कहना है कि बरसात के मौसम में सड़क पर पानी भर जाता है और कीचड़ से हालात और भी खराब हो जाते हैं, जिससे आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।टूटी सड़क के कारण बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को खासा दिक्कत झेलनी पड़ रही है।

इस दौरान किरणपाल, सीताराम, श्यामपाल, प्रवीण कुमार, सूरज, अनीश, राजा, बल्लू, तेजपाल, रामपाल सहित अन्य लोगों ने एकजुट होकर पालिका प्रशासन से शीघ्र सड़क निर्माण कराए जाने की मांग की।लोगों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो पालिका प्रशासन के समक्ष हड़ताल कर आंदोलन किया जाएगा।

## अब गंगा घाटों पर नहीं दिखेगी गंदगी लगेंगे बायो : डाइजेस्टर शौचालय

वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह



**वाराणसी।** धर्म और अध्यात्म की नगरी काशी के घाट अब अधिक स्वच्छ व सुंदर नजर आएंगे गंगा के सभी 84 घाटों को गंदगी मुक्त करने के लिए नगर निगम ने वहां बायो-डाइजेस्टर शौचालय व यूरिनल बनाने का निर्णय लिया है स्मार्ट सिटी के सभागार में बुधवार को आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान महापौर अशोक कुमार तिवारी ने घाटों पर बायो-डाइजेस्टर शौचालय लगवाने का निर्देश दियो महापौर ने नगर स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया कि गंगा घाटों की सफाई व्यवस्था में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी उन्होंने तीन पालियों में निरंतर निरीक्षण और सफाई कर्मियों की उपस्थिति की डिजिटल नियमित जांच सुनिश्चित किया जाये बैठक में निगम की आय बढ़ाने और जन सुविधाओं के विस्तार के लिए कई करोड़ों की योजनाओं को जल्द मूर्तरूप देने का निर्णय लिया है।

इस क्रम में पर्यटकों की सुविधा के लिए अस्सी फूड प्लाजा व मल्टीलेवल पार्किंग,शिवपुर और सिगरा पेट्रोल पंप के पास आधुनिक कमर्शियल भवन,40.52 करोड़ से सिगरा में अंडरग्राउंड पार्किंग,मार्केट और होटल, कबीरचौरा में 34 करोड़ की लागत से ढाई एकड़ में कामर्शियल काम्प्लेक्स की आधारशिला की रूपरेखा बनाने का निर्देश दिया इससे पूर्व उन्होंने शहर के विभिन्न यूरिनल का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया। बैठक में मुख्य रूप से नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल,अपर नगर आयुक्त संगम लाल,अमित कुमार,विनोद कुमार, संयुक्त नगर आयुक्त कृष्ण चंद्र और मुख्य अभियंता आरके सिंह सहित विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## गरुड़ से शुरू हुआ जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार अभियान

**बागेश्वर।** जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे की अध्यक्षता में बुधवार को न्याय पंचायत गढ़सेर अंतर्गत गरूड़ ब्लॉक सभागार में प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार अभियान का शुभारंभ किया गया। पहले दिन आयोजित कैम्प में आमजन को केन्द्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई तथा पात्र लाभार्थियों को मौके पर ही आवेदन, शिकायत निस्तारण एवं लाभ स्वीकृति की सुविधा उपलब्ध कराई गई। जिलाधिकारी ने शिविर में उपस्थित आमजन की शिकायतें सुनीं तथा संबंधित विभागों को त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने शिविर में लगाए गए विभिन्न विभागीय स्टॉलों का निरीक्षण किया और लाभार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए व्यवस्थाएं सुचारू रखने के निर्देश दिए।

## गरीब कन्याओं के विवाह में मिसाल बने सज्जन चौधरी को मिला जेम्स ऑफ इंडिया अवार्ड




**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** समाजसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले मखमूलपुर गांव निवासी समाजसेवी सज्जन चौधरी को,जेम्स ऑफ इंडिया अवार्ड से सम्मानित किया गया है।यह सम्मान उन्हें गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों की सहायता करने और अब तक 100 से अधिक कन्याओं के विवाह संपन्न कराने जैसी अनुकरणीय सेवाओं के लिए प्रदान किया गया।सम्मान समारोह नई दिल्ली स्थित कंस्टीट्यूशन क्लब में आयोजित हुआ, जहां देश के प्रतिष्ठित न्यायविद एवं भारत के मुख्य न्यायाधीश,सीजेआई,संजीव खन्ना ने सज्जन चौधरी को सम्मानित करते हुए उनके सामाजिक योगदान की सराहना की।सम्मान प्राप्त करने के बाद सज्जन चौधरी ने कहा कि यह पुरस्कार केवल उनका नहीं, बल्कि उन सभी लोगों का है जो समाज के अंतिम व्यक्ति तक मदद पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने भविष्य में भी गरीबों, असहायों और जरूरतमंद कन्याओं की सहायता करते रहने का संकल्प दोहराया। बुधवार को गांव में पहुंचने पर उनका जोरदार स्वागत किया गया।

## सेवा, संस्कार और समर्पण की मिसाल हैं अनिरुद्धाचार्य महाराज : मनप्रीत कौर

वेलकम इंडिया/डॉ. गोपाल चतुर्वेदी



**वृन्दावन।** परिक्रमा मार्ग स्थित गौरी गोपाल आश्रम में संकट मोचन सेना (महिला प्रकोष्ठ) पंजाब प्रान्त की अध्यक्ष, मां सीता रसोई की संचालिका एवं प्रमुख समाजसेविका ₹पंजाब रत्न₹ श्रीमती मनप्रीत कौर (लुधियाना) के द्वारा आश्रम के संस्थापक व विश्वविख्यात भागवताचार्य डॉ.अनिरुद्धाचार्य महाराज का उनके द्वारा धर्म-अध्यात्म के क्षेत्र में अविस्मरणीय योगदान देने एवं वृद्ध माताओं की सेवा, गौ सेवा, संत सेवा, निर्धन-निराश्रित सेवा आदि के लिए सम्मान किया गया।

बहिन मनप्रीत कौर ने गौरी गोपाल आश्रम के संस्थापक-अध्यक्ष डॉ.अनिरुद्धाचार्य महाराज के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि आज के समय में जब अधिकांश बच्चे अपने माता-पिता को घर में रखने से कतराते हैं और उन्हें अकेला छोड़ देते हैं, ऐसे में डॉ.अनिरुद्धाचार्य महाराज उन सभी बेसहारा माताओं को सहारा दे रहे हैं और पूरे सम्मान व प्रेम के साथ उनकी देखभाल कर रहे हैं। इसके अलावा उनके आश्रम में पूरे दिन निरंतर लंगर सेवा चलती रहती है, और यह सेवा कभी एक दिन के लिए भी नहीं रुकती। यह निःस्वार्थ सेवा, त्याग और करुणा का जीवंत उदाहरण है।पंजाब रत्न₹ मनप्रीत कौर ने कहा कि डॉ.अनिरुद्धाचार्य महाराज धर्म व अध्यात्म की बहुमूल्य निधि हैं।उनके द्वारा श्रीमद्भागवत कथा, श्रीराम कथा एवं अपने प्रवचनों व समागमों के माध्यम से असंख्य व्यक्तियों को प्रभु भक्ति के मार्ग से जोड़ने का जो अभूतपूर्व कार्य किया जा रहा है, वो अति प्रशंसनीय है।इस अवसर पर साहित्य संस्कृति मनीषी ₹ यूपी रत्न ₹ डॉक्टर गोपाल चतुर्वेदी, आचार्य अंशुल पाराशर, भगवताचार्य सुमंत कृष्ण शास्त्री महाराज, धर्म पथिक शैलेंद्र कृष्ण महाराज, भगवताचार्य विमल कृष्ण पाठक, आचार्य शिवम साधक, बागेश्वर धाम के आचार्य रोहित रिछारिया, आचार्य बद्रीश महाराज, डॉक्टर राधाकांत शर्मा, डॉक्टर सत्यमित्रानंद महाराज, पंडित श्याम सुंदर ब्रजवासी आदि के अलावा विभिन्न क्षेत्रों के तमाम गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## मनरेगा में बदलाव को लेकर जिलाधिकारी कार्यालय पर महात्मा गांधी के चित्र के साथ प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा



वेलकम इंडिया


**संतकबीरनगर।** जिला अध्यक्ष प्रवीण चंद पाण्डेय ने मनरेगा में बदलाव को लेकर जिलाधिकारी कार्यालय पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के चित्र के साथ प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन के बाद पत्रकारों से बात करते हुए जिला अध्यक्ष प्रवीण चंद पाण्डेय ने कहा कि भाजपा संसद में कानून लाकर मनरेगा का नाम बदलने की जो साजिश कर रही है यह नाम बदलने की साजिश नहीं बल्कि मनरेगा को खत्म करने तथा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी विश्वनीयता को कम करने की कोशिश है ।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि विश्व की सबसे चर्चित योजना जो गांव में बैठे व्यक्ति को 100 दिन रोजगार की गारंटी देता है उससे छेड़ खानी भाजपा को काफी महंगी पड़ेगी जिस महात्मा गांधी को पूरा विश्व अपना आदर्श मानता है उनके नाम को बदलकर भारत की गरिमा को पूरे विश्व में गिराने का काम किया है।

आज के कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुनील कुमार पांडेय शांति देवी अजय सिंह रमेश पांडेय हीरालाल राजीव गोंड सहारे आलम फैजान खान वीरेंद्र मद्धेशिया अरुण पांडेय सुग्रीव पासवान रामाश्रय यादव बिट्टू सिंह गुड्डु उपाध्याय जय प्रकाश पांडेय गिरजेश मिश्रा जमुना प्रसाद संजय चौरसिया, मुहम्मद परवेज अख्तर सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी के निदेर्शों के क्रम में अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में पेंशनर्स दिवस का हुआ आयोजन



वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा

**हापुड़।** जनपद की कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में जिलाधिकारी हापुड़ के निदेर्शों के क्रम में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) की अध्यक्षता में पेंशनर्स दिवस का आयोजन किया गया,जिसमे वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स सेवा संस्थान जनपद हापुड़ के जिलाध्यक्ष सुन्दर कुमार आर्य,धर्मेन्द्र जाखड जिलाध्यक्ष उ०प्र० पेंशनर्स कल्याण संस्था हापुड़ व नरेन्द्र कुमार शर्मा, महासचिव पुलिस समाज कल्याण संस्थान हापुड़ के साथ-साथ अन्य विभागों से सेवानिवृत्त हुये पेंशनर्स तथा जनपद के विभागों के कार्यालयाध्यक्षो के द्वारा प्रतिभाग किया गया ` सभा की अध्यक्षता कर रहे अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) हापुड़ के द्वारा समस्त पेंशनरों की समस्या को सुना गया तथा सम्बन्धित विभागों के कार्यालयाध्यक्षो को त्वरित निस्तारण करने के आदेश दिये गये ।वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स सेवा संस्थान जनपद हापुड़ के जिलाध्यक्ष, महासचिव व अन्य पदाधिकारियों द्वारा अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) को ज्ञापन सौंपा ` पेंशनर्स दिवस में उपस्थित समस्त पेंशनरों द्वारा कोषागार स्तर पर कोई भी प्रकरण लम्बित न होने तथा त्वरित कार्यवाही के लिये वरिष्ठ कोषाधिकारी व उनके सहायकों की भूरी-भूरी प्रसंशा की गयी ।

## आईसीएआई वाराणसी शाखा द्वारा दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का सफल आयोजन हुआ

वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह




**वाराणसी।** दी इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की वाराणसी शाखा द्वारा दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का भव्य एवं सफल शुभारम्भ 17 दिसम्बर 2025 बुधवार को स्वतंत्रता भवन बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी में किया गयो सम्मेलन का उद्देश्य चार्टर्ड अकाउंटेंसी पेशे में हो रहे परिवर्तनों,उभरते अवसरों तथा नवीनतम तकनीकी एवं कर संबंधी विषयों पर सदस्यों और विद्यार्थियों को अद्यतन जानकारी प्रदान करना था देश के विभिन्न हिस्सों से आए चार्टर्ड अकाउंटेंट्स एवं विद्यार्थियों ने सम्मेलन में उत्साहपूर्वक सहभागिता की कार्यक्रम का शुभारम्भ दी इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया नई दिल्ली के पूर्व अध्यक्ष सीए अनिकेत तलाटी एवं विभिन्न समितियों से आये हुए विशिष्ट अतिथि सीए जय छैरा अध्यक्ष पीएसईसी समिति नई दिल्ली,सीए अभय छाजेड उपाध्यक्ष पीएसईसी समिति नई दिल्ली, सीए ज्ञान चंद्र मिश्रा अध्यक्ष एम एस एम ई समिति नई दिल्ली एवं सीए पंकज जी शाह सेंट्रल कौंसिल मेंबर रहे कांफ्रेंस चेयरमैन वरिष्ठ सदस्य सीए श्री नारायण खेमका,संयोजक सीए मुकुल कुमार शाह एवं सीए सतीश चाँद जैन रहे । सम्मेलन के अंतर्गत विभिन्न तकनीकी एवं प्रेरणादायक सत्रों का आयोजन किया गया जिनमें देश के प्रतिष्ठित वक्ताओं ने अपने विचार साझा किए। प्रथम सत्र आउटसोर्सिंग फर्म्स को सीमाओं से परे सशक्त बनाना पर सीए अनिकेत तलाटी एवं सीए स्वेतांग पंड्या ने विचार व्यक्त किऐ वक्ताओं ने बताया कि किस प्रकार भारतीय सीए फर्में वैश्विक अवसरों का लाभ उठाकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकती हैं द्वितीय सत्र नेक्स्टजेन जीएसटी 2.0 के साथ बहु- जीएसटी मुद्दे पर सीए बिमल जैन ने जीएसटी से जुड़े व्यावहारिक पहलुओं, चुनौतियों एवं आगामी परिवर्तनों पर विस्तृत जानकारी दी समापन सत्र इनकम टैक्स में फेसलेस असेसमेंट में प्रभावी प्रस्तुतीकरण पर सीए पंकज जी शाह द्वारा व्यावहारिक दृष्टिकोण से मार्गदर्शन दिया गया।

## बाल तस्करी करने के मामले में दो अभियुक्त को गिरफ्तार

वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह



**वाराणसी।** वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त देवांश शुक्ला लखनऊ मंडल उत्तर रेलवे के द्वारा वाराणसी पोस्ट पर गठित टीम एएसआइ शिव कुमार यादव, महिला कांस्टेबल सोनिया, कांस्टेबल/सीआइबी वाराणसी, हेड कांस्टेबल राजीव सिंह व एसोसिएशन फॉर वॉलंटरी एक्शन के सहायक परियोजना अधिकारी /बीबीए/ वाराणसी चंदा गुप्ता ऑपरेशन आहट के तहत चेकिंग अभियान चलाया गया और बचपन बचाओ टीम के द्वारा प्रभारी निरीक्षक रेलवे सुरक्षा बल संदीप कुमार पोस्ट वाराणसी के सुपरविजन में ट्रेन नंबर 15743 फरक्का एक्सप्रेस को पंडित दीनदयाल उपध्याय स्टेशन से चेकिंग करते हुए वाराणसी स्टेशन आ रहे थे ट्रेन के पीछे के जनरल कोच में सात नाबालिग बच्चे दो व्यक्तियों के साथ डरे सहमे मिले प्राथमिक पूछताछ करने पर पाया गया कि सभी बच्चों को बाल श्रम के लिए पीरपैंती से खन्ना पंजाब,पांच बच्चे अभियुक्त मिथुन पुत्र स्वर्गीय परमेश्वर उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम घोरीकित्ता शक्ति नगर थाना बिलबड्डा जनपद गोड्डा,(झारखंड) व दो बच्चे अभियुक्त डालिम शेख पुत्र सलीम शेख उम्र 27 वर्ष निवासी ग्राम फरक्का थाना फरक्का जनपद मुर्शिदाबाद पश्चिम बंगाल के द्वारा ले जाया जा रहा था सभी बच्चों को वाराणसी स्टेशन ट्रेन आने पर रेस्क्यू किया गया और दोनों बाल तस्करी करने वालों को उतारा गया जिसकी सूचना जनपद वाराणसी पुलिस एएचटीयू प्रभारी वाराणसी को दिया गया।

# संसद भवन एवं राष्ट्रपति भवन का भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर, ( अनिल वशिष्ठ )।** पंजाबी संगठन मोदीनगर, महिला पंजाबी संगठन मोदीनगर एवं लायंस क्लब मोदीनगर, उड़ान इंटरनेशनल के संयुक्त तत्वावधान में संसद भवन एवं राष्ट्रपति भवन का भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया गया। पंजाबी संगठन के अध्यक्ष अजय ग्रोवर एवं महिला पंजाबी संगठन की अध्यक्ष डॉ. शालिनी नय्यर ने बताया कि संसद भवन एवं राष्ट्रपति भवन का भ्रमण एक अत्यंत प्रेरणादायी एवं ज्ञानवर्धक भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस ऐतिहासिक यात्रा में लगभग 50 सदस्यों ने सहभागिता की। यह सम्पूर्ण कार्यक्रम माननीय सांसद राजकुमार सांगवान के मार्गदर्शन, सहयोग एवं विशेष व्यवस्था से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्रतिभागियों को लोकसभा की लाइव कार्यवाही देखने का दुर्लभ अवसर प्राप्त हुआ।

भ्रमण के दौरान पंजाबी संगठन के अध्यक्ष अजय ग्रोवर एवं महिला पंजाबी संगठन की अध्यक्ष डॉ. शालिनी नय्यर ने सभी सदस्यों के साथ मिलकर सांसद राजकुमार सांगवान का हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सांसद ने अपने व्यस्त कार्यक्रम में से समय निकालकर अधिकांश यात्रा में स्वयं साथ रहकर मार्गदर्शन किया, जो उनके सहयोगात्मक एवं जनसेवी स्वभाव को दशार्ता है। इस शैक्षिक यात्रा में अजय ग्रोवर के साथ संजय नय्यर, राहुल बारी, रमेश खुराना, डी.के. ढींगरा, पवन कपूर, रोनक अरोड़ा, विहान नय्यर एवं जग्रव चौधरी उपस्थित रहे। वहीं डॉ. शालिनी नय्यर जी के साथ हर्षिता चौधरी, अंजलि सचदेवा, गीता मोहन अरोड़ा, रुचि बारी, शशि ढींगरा, डॉ अंजना खुराना ,लवली, वंशिका नय्यर, सपना कुमार, रुचि गुप्ता, कोमल शर्मा, रोजी आनंद, अमिता आहूजा, नीता गुप्ता, विशाखा मित्रा, मीनू त्यागी ,गीता शर्मा, संगीता विश्नोई कोमल ठाकुर,स्वाति गुप्ता गुंजन सहित अनेक अन्य सदस्य भी शामिल रहे।

## अवैध घुसपैठ के खिलाफ कार्रवाई की मांग, डीएम को सौंपा ज्ञापन

**बुलन्दशहर।** जागरूक नागरिक सेवा समिति बुलंदशहर ने जनपद में बढ़ती अवैध घुसपैठ की समस्या को लेकर जिलाधिकारी को तथ्य-आधारित ज्ञापन सौंपा। समिति ने तहसीलों व नगर पंचायत क्षेत्रों में बिना वैध पहचान रह रहे संदिग्ध व्यक्तियों पर चिंता जताते हुए राष्ट्रीय सुरक्षा, फर्जी दस्तावेज, अपराध व स्थानीय संसाधनों पर दबाव का मुद्दा उठाया।

ज्ञापन में सघन जांच अभियान चलाने, एल आई यू व स्पेशल ब्रांच को सक्रिय करने, संदिग्ध दस्तावेजों की गहन जांच, फर्जी दस्तावेज मिलने पर कड़ी कानूनी कार्रवाई तथा संदिग्ध नागरिकता वालों के निर्वासन की मांग की गई। साथ ही किरायेदारों के अनिवार्य पुलिस सत्यापन और संवेदनशील क्षेत्रों में लगातार पेट्रोलिंग की मांग भी की गई। अंकित परमार के प्रसाद गौरव कुमार शोभित कपासिया विजय और अमित लोधी रिंकू प्रशांत आदि लोग मौजूद रहे।

# समेकित शिक्षा के अन्तर्गत दिव्यांग बच्चों को 72 सहायक उपकरण प्रदान किए गए

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** ब्लॉक संसाधन केन्द्र भोजपुर में समग्र शिक्षा के तत्वाधान में समेकित शिक्षा के अन्तर्गत 72 सहायक उपकरण प्रदान किए गए। समेकित शिक्षा के अन्तर्गत 6-14 आयु की कक्षा-1 से कक्षा-8 तक के दिव्यांग बच्चों को एलिम्को कानपुर के सौजन्य से सहायक उपकरण वितरण शिविर में उनकी आवश्यकतानुसार 9 ट्राई साईकिल, 8 व्हील चेयर, 6 एल्बो क्रेंच, 4 रोलेंटर, 12 बैसाखी, 22 हियरिंग ऐड को तहसीलदार रजत कुमार एवं खंड शिक्षा अधिकारी सुश्री महिमा दयाल के कर कमलों द्वारा प्रदान किया गया।

कुल 72 बच्चों को उनकी आवश्यकता अनुसार सहायक उपकरण प्रदान किये गए। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ओम प्रकाश यादव के मार्गदर्शन में एलिम्को कानपुर से दिव्यम सिंह (पी० एण्ड ओ०) डॉ० सूरज कुमार ऑडियोलॉजिस्ट, जिला समन्वयक समेकित शिक्षा डॉ. राकेश कुमार , पवन तिवारी, स्पेशल एजुकेटर कमलेश त्रिपाठी, पवन कुमार, शिखा गुप्ता,विकास, रेखा पाठक, आरती एवं अजीत सिंह, ब्लॉक पीटीआई, अरुण कुमार ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना बहुमूल्य सहयोग प्रदान किया।

# ब्लॉक भोजपुर में विज्ञान क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** ब्लॉक भोजपुर में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत विज्ञान क्विज प्रतियोगिता का आयोजन ब्लॉक संसाधन केंद्र भोजपुर में किया गया। इस प्रतियोगिता में ब्लॉक के सभी 42 उच्च प्राथमिक विद्यालय और कंपोजिट विद्यालय प्रतिभाग किया। प्रत्येक विद्यालय से तीन बच्चों ने प्रतिभाग किया। यह प्रतियोगिता दो चरणों में पूरी हुई।

सर्वप्रथम 25 बच्चों का चयन किया गया उसके बाद उसमें से पांच बच्चे मॉडल के लिए और पांच क्विज के लिए चयन किए गए जो जनपद स्तर पर प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे।

प्रतियोगिता का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी भोजपुर सुश्री महिमा दयाल द्वारा किया गया। सभी विजेताओं बच्चों को खंड शिक्षा अधिकारी भोजपुर तथा डीसी डॉक्टर राकेश कुमार द्वारा पुरस्कृत किया गया ।और उनको आगामी जनपद स्तर पर जीतने के लिए शुभकामनाएं दी गई।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विज्ञान एआरपी रीना पाठक, अनुराधा मित्तल, वंदना शर्मा, पवन कुमार तिवारी, शशि यादव का योगदान रहा।

## प्रभारी निरीक्षक ने ग्राम दुमलोट पहुँचकर जाना बुजुर्गों का हाल

**कौसानी।** पूरन सिंह दोसाद, पुलिस अधीक्षक चंद्रशेखर घोडके द्वारा जनपद के समस्त थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में निवासरत वरिष्ठ एवं एकल नागरिकों की सुरक्षा व सहायता हेतु समय-समय पर उनसे भेंट कर कुशलक्षेम जानने के निर्देश निर्गत किए गए। इसी क्रम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कौसानी,निरीक्षक कैलाश सिंह नेगी द्वाराअपनी पुलिस टीम के साथ कौसानी क्षेत्रांतर्गत ग्राम दुमलोट का भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान उन्होंने गांव के वृद्धजनों और अकेले रह रहे वरिष्ठ नागरिकों से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात की और उनकी कुशलक्षेम पूछा। प्रभारी निरीक्षक ने बुजुर्गों से उनकी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं और किसी भी प्रकार की सुरक्षा संबंधी शिकायतों के बारे में विस्तृत जानकारी ली। आश्वस्त किया कि पुलिस उनकी सुरक्षा के लिए हर समय प्रतिबद्ध है। कहा कि किसी भी आपात स्थिति या आवश्यकता पड़ने पर उन्हें घबराने की जरूरत नहीं है, पुलिस उनकी एक कॉल पर सहायता के लिए तत्काल उपलब्ध रहेगी।

# हादसे के शिकार मोदीनगर के उद्यमी व भतीजे सहित तीन का गमगीन माहौल में हुआ अंतिम संस्कार

## तीन चिताए एक साथ जली, शव यात्रा में उमड़ा हजूम

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे पर उन्नाव के वागेर मऊ कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत हवाई पट्टी पर छाये कोहरे के कारण सोमवार की देर रात्रि हुए एक तेज रफ्तार फॉर्च्यूनर कार हादसे में मृत मोदीनगर की गोविंदपुरी निवासी 55 वर्षीय उद्योगपति व समाजसेवी अशोक अग्रवाल उर्फ अशोक भैया उनके भतीजे 20 वर्षीय अभिनव अग्रवाल (पुत्र सतीश अग्रवाल) तथा 32 वर्षीय आकाश गुप्ता (पुत्र विनोद गुप्ता) का बुधवार को अत्यंत गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार किया गया।

अंतिम यात्रा में उद्यमियों, व्यापारियों, सुहेल देव भारतीय समाज पार्टी के कार्यकताओं व शहरवासियों ने काफी तादाद में शामिल होकर दिवंगतों को अश्रुपूरित नेत्रों से अंतिम विदाई दी।

इससे पूर्व मंगलवार की देर रात्रि लगभग दस बजे तीनों के शव यहां उनके पैतृक आवास पर पहुंचे, तो परिवारजनों में हाहाकार मच गया। पुत्र के वियोग में पिता सतीश अग्रवाल की तबीयत अचानक बिगड़ गई। वहां मौजूद मित्रजनों ने सभी को सांत्वना दी।

काला नमक के उद्योग संचालक अशोक भैया, सुहेल देव भारतीय समाजपार्टी के व्यापार प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष, अन्तर्राष्ट्रीय वैश्य सम्मेलन के प्रदेश संयोजक थे। वह आईआईए (इंडियन इंडस्ट्रीज एसो0) के अध्यक्ष सहित कई विभिन्न सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं से भी जुड़े थे, साथ ही प्रदेश के राज्यमंत्री एवं सुभा सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओपी राजभार के काफी करीब बताए गए।

## सेहुड़ा के ग्राम प्रधान अफजाल अहमद ने की अलाव की व्यवस्था



वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर।** विकास खंड सेमरियावा के गांव सेहुड़ा में बढ़ रही ठण्ड से निजात दिलाने के लिए ग्राम प्रधान अफजाल अहमद ने अलाव की व्यवस्था की। जिसकी ग्रामीणों ने भूरी भूरी प्रशंसा की है।

सेमरियावा ब्लाक के गांव सेहुड़ा के प्रधान अफजाल अहमद ने बढ़ रही ठण्ड और गलन से राहत पहुंचाने के उद्देश्य से अलाव की व्यवस्था की है।

इस दौरान ग्राम प्रधान अफजाल अहमद ने कहा कि लोगों को ठण्ड से बचाने के लिए वह हर संभव कोशिश कर रहे हैं। गांव के लोगों ने जिन उम्मीदों के साथ मुझे जिम्मेदारी दी थी उसे पूरा करने के लिए वह निरंतर प्रयासरत हैं। ग्रामीणो ने ग्राम प्रधान अफजाल अहमद के इस सराहनीय कार्य की प्रशंसा की

# डीएम की अध्यक्षता में पेंशनर्स दिवस का किया गया आयोजन



वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर।** जिलाधिकारी आलोक कुमार की अध्यक्षता में पेशनर्स दिवस का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वित्त व राजस्व) जयप्रकाश व अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) चंद्रेश कुमार सिंह उपस्थित रहे।

पेंशनर्स दिवस के आयोजन के दौरान जिलाधिकारी द्वारा एक-एक कर पेशनरों की समस्याओं को सुनते हुए उसके त्वरित निराकरण हेतु सम्बंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया। पेंशनर्स संघ के अध्यक्ष सुभाष यादव एवं पदाधिकारीगणों द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर में पेंशनर्स की सुविधाओं के दृष्टिगत बैठने हेतु एक कच्छ/कमरा की उपलब्धता कराए जाने पर जिलाधिकारी के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया गया। पेंशनर्स दिवस के आयोजन अवसर पर उपस्थित पेंशनर्स का चिकित्सा टीम द्वारा शुगर, ब्लड प्रेशर सहित अन्य संबंधित स्वास्थ्य संबंधी परीक्षण कराया गया एवं योग टीम द्वारा स्वस्थ रहने से संबंधित योग क्रियाओं के बारे में जानकारी दी गई।

जिलाधिकारी द्वारा 75 वर्ष से अधिक आयु के पेंशनर्स का आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी ने जनपद के पेंशनर्स को वरीयता क्रम में सुविधाएं प्रदान किये जाने की व्यवस्था आदि से सम्बंधित विभिन्न मांगो पर समाधान कि दिशा में कार्यवाही किये जाने का आश्वासन दिया।

बैठक में पेंशनर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों द्वारा 11 सूत्रीय मांगो को जिलाधिकारी को सौंपा गया, जिस पर जिलाधिकारी ने समस्त बिंदुओं पर नियमानुसार विचार कर कार्यवाही किए जाने हेतु आश्वस्त किया।

# नगरायुक्त ने रैन बसेरों में देखी व्यवस्थाएं , दिए निर्देश

वेलकम इंडिया



**सहारनपुर।** जब लोग रात करीब साढे. दस बजे ठंड से सिकुडकर रजाइयों में दुबके थे नगरायुक्त शिपू गिरि निगम द्वारा संचालित स्थायी व अस्थायी रैन बसेरों का निरीक्षण करते हुए उनमें ठहरे लोगों का हाल जान रहे थे। उन्होंने व्यवस्थाओं को और सुदृढ़ करने पर जोर दिया।

नगरायुक्त मंगलवार की रात करीब साढे.दस बजे सहायक नगरायुक्त एवं रैन बसेरों के प्रभारी जे पी यादव के साथ जनमंच परिसर स्थित रैन बसेरे में पहुंचे। उन्होंने वहां ठहरे लोगों के लिए गरम व ठंडे पेयजल की उपलब्धता, हीटर, कंबल, बैडशीट, और शौचालयों आदि व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने सीसीटीवी कैमरों तथा साफ सफाई का भी निरीक्षण किया। नगरायुक्त ने जनमंच के पीछे बनाये गए अस्थायी रैन बसेरे का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वहां ठहरे लोगों से भी बात करते हुए जानकारी ली कि उन्हें कहीं कोई दिक्कत तो नहीं है।

नगरायुक्त ने व्यवस्थाओं पर संतोष जताते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि लोगों को ठंड से बचाने के लिए कहीं कोई कोताही न बरती जाए। नगरायुक्त ने सहायक नगरायुक्त को स्पष्ट कहा कि रात में सड़क पर खुले आसमान के नीचे कोई व्यक्ति न रहने पाए। उन्होंने शहर के पुलों एव सड़क किनारे रह रहे लोगों को रैन बसेरों तक लाने के लिए दो ई-रिक्शाओं की व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए। रैन बसेरे के बाहर मेन होल का खराब ढक्कन बदलवाने को भी कहा।

नगरायुक्त ने कर अधीक्षक सुरेंद्र सिंह व सड़क पर रात बिताने वाले लोगों को उठाकर रैन बसेरों में लाने वाले निगम के कर्मचारियों से भी जानकारी ली और उन्हें आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने यह सुनिश्चित करने को कहा कि कोई असामाजिक तत्व रैन बसेर पर शराब पीकर उत्पात न मचाये इसके लिए पुलिस मोबाइल पार्टी की भी पुलिसिंग होती रहे।

# जिला पंचायत अध्यक्ष बलिराम यादव की अध्यक्षता में जिला एकीकरण समिति की बैठक का किया गया आयोजन

वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर।** जिला एकीकरण समिति की बैठक जिला पंचायत अध्यक्ष बलिराम यादव की अध्यक्षता में विकास भवन के सभागार में आयोजित हुई।

बैठक में मा0 विधायक धनघटा गणेश चन्द्र चौहान, प्रतिनिधि शिक्षक विधायक हरिबक्स सिंह, प्रतिनिधि सदस्य विधान परिषद स्नातक क्षेत्र अंबरीश राय, पूर्व प्राचार्य प्रोफेसर डा0 दिग्विजय नाथ पाण्डेय, वरिष्ठ साहित्यकार व उस्ताद शायर जनाब शारिक खलीलाबादी, चिकित्सक डा0 अशरफ अली, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विजय बहादुर सिंह, अंकुर पाण्डेय, जिलाधिकारी आलोक कुमार, मुख्य विकास अधिकारी जयकेश त्रिपाठी, जिला विकास अधिकारी प्रेम प्रकाश त्रिपाठी, जिला एकीकरण के नोडल अधिकारी/परियोजना निदेशक डीआरडीए विजयंत कुमार सिंह, उपायुक्त एनआरएलएम प्रवीण कुमार शुक्ल, उपायुक्त मनरेगा डा0 प्रभात कुमार द्विवेदी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।




बैठक को संबोधित करते हुए मा0 विधायक धनघटा गणेश चंद्र चौहान ने कहा कि समाज में एकता की भावना को मजबूत करने के लिए हमें हर क्षण तैयार रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरदार बल्लभ भाई पटेल ने देश की रियासतों को देश के साथ जोड़ने का काम किया लेकिन जम्मू कश्मीर में एक विधान एक निशान की जगह दो विधान दो निशान की व्यवस्था बनी रही जिसे समाप्त करने का काम मोदी जी के नेतृत्व में भारत सरकार ने किया। उन्होंने एसआईआर को भी राष्ट्रीय एकीकरण के लिए बहुत महत्वपूर्ण बताते हुए इस कार्य में सभी की सहभागिता निभाने का आह्वान किया।

जिलाधिकारी आलोक कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय एकीकरण एक भावना है जो हमारे देश में स्वाभाविक रूप से है। हमारा संविधान स्वयं ही धर्मनिरपेक्ष है। जिलाधिकारी ने कहा कि यह कबीर दास जी की भूमि है जहाँ एकता और प्रेम का भाव स्वतः पैदा हो जाता है। यह हमारा स्वभाव है। उन्होंने भी कहा कि एसआईआर भी एकीकरण की प्रक्रिया का एक महत्वपूर्ण अंग है। सभी लोगों और राजनीतिक दलों को मिलकर इस काम को पूरा कराना चाहिए जिससे त्रुटिहीन व शुद्ध निर्वाचक नामावली सामने आ सके। पूर्व प्राचार्य प्रोफेसर डा. डी. एन. पाण्डेय ने कहा कि स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद देश में फैली पांच सौ से अधिक रियासतों का विलय भारत संघ में कराकर सरदार पटेल ने विशाल भारत का निर्माण किया था। भारत सरकार ने 31अक्टूबर 2015 से सरदार पटेल के जन्मदिन को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाये जाने का निर्णय लिया। प्रो. पाण्डेय ने कहा कि यह हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है कि देश की एकता अखंडता को कायम रखने के लिए हरसंभव प्रयास करें।

वरिष्ठ साहित्यकार एवं उस्ताद शायर जनाब शारिक खलीलाबादी ने ₹परिंदे जब कभी खुद को उड़ान में रखना तो अपनी कूवत-ए-परवाज ध्यान में रखना, मरूं कहीं भी मैं दुनिया में मगर ऐ लोगो! मेरे जनाजे को हिंदुस्तान में रखना ₹ जैसे देशभक्तिपूर्ण रचनाएँ पेश करके एकता और देशभक्ति की भावना का संचार किया। स्नातक विधान परिषद सदस्य प्रतिनिधि अंबरीश राय ने राष्ट्रीय एकीकरण के महत्व को बताते हुए जातिवाद की भावना को समाप्त करने का आह्वान किया। बैठक में अन्य वक्ताओं ने भी एकीकरण के संबंध में अपने विचार व्यक्त किये। बैठक का सफल संचालन लोकपाल मनरेगा पी0 के0 लाल द्वारा किया गया।

इस अवसर पर डीपीआरओ मनोज कुमार, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी प्रवीण कुमार मिश्र, सहायक अभियंता लघु सिंचाई अश्वनी शुक्ला सहित संबंधित अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने जनसुनवाई में सुनी जनता की समस्या, फरियादी की संतुष्टि ही प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** कलेक्ट्रेट परिसर में बुधवार को आयोजित जनसुनवाई के दौरान जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मॉंदड़ ने प्रशासन की संवेदनशील और जनहितकारी सोच को स्पष्ट रूप से सामने रखा। उन्होंने कहा कि गरीब, पीड़ित, असहाय, मजबूर, लाचार और जरूरतमंद नागरिक बिना किसी भय या संकोच के अपनी समस्याएं लेकर प्रशासन के पास आएं। जिला प्रशासन जनसमस्याओं के गुणवत्तापूर्ण, निष्पक्ष और समयबद्ध समाधान के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है और प्रत्येक फरियादी को वास्तविक राहत दिलाना ही उसका उद्देश्य है। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप जनसुनवाई को मात्र औपचारिकता नहीं रहने दिया जाएगा, बल्कि इसे पीड़ित व्यक्ति के लिए न्याय और समाधान का सशक्त माध्यम बनाया गया है। जनसुनवाई के दौरान उन्होंने स्वयं प्रत्येक फरियादी की बात को गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुना तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि शिकायतों का निस्तारण पूरी ईमानदारी, पारदर्शिता और गुणवत्ता के साथ किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि किसी भी स्तर पर लापरवाही, टालमटोल या उदासीन रवैया बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिलाधिकारी ने दो टूक शब्दों में कहा कि शिकायतकर्ता को संतुष्ट करना ही प्रशासन की पहली और सबसे बड़ी प्राथमिकता है। उनकी कुशल कार्यशैली, सशक्त नेतृत्व और शिकायतों के प्रभावी निस्तारण का ही परिणाम है कि कलेक्ट्रेट स्थित जिलाधिकारी कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में नागरिकों की संख्या लगातार बढ़ रही है। दूर-दराज के ग्रामीण क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंच रहे हैं, क्योंकि उन्हें यह भरोसा हो गया है कि यहां उनकी बात न केवल सुनी जाएगी, बल्कि समाधान भी अवश्य मिलेगा। जनसुनवाई के दौरान राजस्व, पुलिस, विकास, समाज कल्याण, विद्युत, जलापूर्ति, आवास, पेंशन सहित विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतें सामने आईं। कई मामलों में जिलाधिकारी ने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देकर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की, जबकि अन्य मामलों में स्पष्ट समयसीमा तय करते हुए गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के आदेश दिए गए।



# नोएडा से बड़ी कामयाबी: मोबाइल चोर गैंग का भंडाफोड़, 1 करोड़ का माल बरामद

**वेलकम इंडिया**




**नोएडा।** पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर ने अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत एक बड़ी सफलता हासिल की है। थाना फेस-1 नोएडा पुलिस ने मोबाइल व इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस चोरी करने वाले एक सक्रिय अंतरराज्यीय गिरोह का पदार्फाश करते हुए 04 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। अभियुक्तों के कब्जे से करीब 1 करोड़ रुपये कीमत का चोरी का माल बरामद किया गया है। दिल्ली निवाशी फिरोज , फरदीन, सलीम तथा दानिश है। इनसे बरामद माल की अनुमानित कीमत लगभग 1 करोड़ रुपये है। पूछताछ में अभियुक्तों ने खुलासा किया कि वे दिल्ली व एनसीआर समेत आसपास के जनपदों में ऐसे स्थानों को चिन्हित करते थे, जहां भारी भीड़ जुटने की संभावना रहती थी। जनसभाओं और आयोजनों में भीड़ का फायदा उठाकर ये लोग महंगे आईफोन व स्मार्ट मोबाइल फोन की चोरी व स्नैचिंग करते थे। अभियुक्तों ने यह भी स्वीकार किया कि हिंदू जनसभाओं में वे अपने मुस्लिम नाम बदलकर हिंदू नामों से शामिल होते थे, ताकि किसी को शक न हो। चोरी किए गए महंगे मोबाइल फोन और उनके पाट्र्स की बाजार में अधिक मांग होने के कारण वे इन्हें ऑन-डिमांड बेचकर मोटा मुनाफा कमाते थे।

## हाईकोर्ट बेंच की मांग पर वकीलों का कचहरी परिसर में गूंजा न्याय के अधिकार का स्वर

**गाजियाबाद।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट बेंच की स्थापना की मांग को लेकर बुधवार को वकीलों ने कचहरी परिसर में जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान न्यायिक व्यवस्था में सुधार और आम लोगों को शीघ्र न्याय दिलाने की मांग को लेकर वकीलों ने एकजुट होकर आवाज बुलंद की। प्रदर्शन के चलते कचहरी परिसर में दिनभर आंदोलन का माहौल बना रहा और वकीलों ने सरकार से जल्द निर्णय लेने की मांग की।

बार एसोसिएशन के अध्यक्ष ब्रह्म देव त्यागी ने बताया कि यह आंदोलन केवल गाजियाबाद तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे पश्चिमी उत्तर प्रदेश की सभी बार एसोसिएशनों में बाजार बंद कर प्रदर्शन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पश्चिमी यूपी में हाईकोर्ट बेंच की स्थापना से न्याय मिलने की प्रक्रिया आसान और तेज होगी।

# महापौर सुनीता दयाल ने किया 8 करोड़ रुपये के कार्यों का शिलान्यास

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** नगर निगम गाजियाबाद क्षेत्र में विकास कार्यों को नई गति देते हुए महापौर सुनीता दयाल ने शहर के विभिन्न वार्डों में बुधवार को लगभग 8 करोड़ रुपये की लागत से कराए जाने वाले विकास कार्यों का शिलान्यास किया। इन कार्यों में पंद्रहवें वित्त आयोग की धनराशि एवं महापौर निधि से होने वाले सड़क, नाला, विद्यालय और अन्य आधारभूत सुविधाओं से जुड़े कार्य शामिल हैं। महापौर ने वसुंधरा, इंदिरापुरम और कविनगर जोन के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों को यह विकास की सौगात दी। महापौर सुनीता दयाल ने कहा कि शहर के हर कोने में विकास कार्य कराना उनकी प्राथमिकता है और जनता से जुड़े कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि स्थानीय नागरिकों, पार्षदों और कार्यकताओं द्वारा जो भी समस्याएं उनके संज्ञान में लाई जाती हैं, उन पर तत्काल संज्ञान लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जाते हैं, ताकि समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जा सके। पंद्रहवें वित्त आयोग के अंतर्गत वार्ड 89 वैशाली स्थित संयुक्त विद्यालय के पुनर्निर्माण का कार्य लगभग एक करोड़ पचपन लाख रुपये की लागत से कराया जाएगा। वार्ड 57 मकनपुर गांव में तालाब से बाल्मीकि चौक होते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग नौ तक सड़क निर्माण का कार्य लगभग चौरासी लाख रुपये की लागत से होगा। वार्ड 61 वसुंधरा में गुर्जर चौक से मेवाड़ महाविद्यालय होते हुए सेक्टर एक के कट तक प्रबलित सीमेंट कंक्रीट नाले का निर्माण लगभग तीन करोड़ चौंतीस लाख रुपये की लागत से कराया जाएगा। इसी प्रकार वार्ड 32 मेरठ रोड पर मेजर आशाराम त्यागी की प्रतिमा से कृष्णा नगर मंगल बाजार मार्ग तक प्रबलित सीमेंट कंक्रीट नाले का निर्माण लगभग चवालीस लाख रुपये की लागत से किया जाएगा।

> महापौर निधि के अंतर्गत इंदिरापुरम, राजनगर, पांडव नगर, वैशाली, महरौली गांव, शंकर विहार कॉलोनी और वसुंधरा सेक्टर एक सहित कई वार्डों में सड़कों और नालियों के निर्माण कार्य कराए जाएंगे। इन कार्यों से स्थानीय नागरिकों को बेहतर आवागमन, जल निकासी और स्वच्छ वातावरण की सुविधा मिलेगी। वैशाली सेक्टर तीन में क्षतिग्रस्त सड़क का पुनर्निर्माण, वैशाली सेक्टर चार में नगर निगम पार्किंग क्षेत्र में प्रबलित सीमेंट कंक्रीट पुलिया का निर्माण और विभिन्न आवासीय कॉलोनियों में सड़क व नाली निर्माण के कार्य शामिल हैं। महापौर सुनीता दयाल ने कहा कि उन्हें जनता द्वारा अब केवल सख्त प्रशासक ही नहीं, बल्कि 'विकास महिलाज के रूप में भी पहचाना जा रहा है, क्योंकि पूरे शहर में विकास कार्यों की श्रृंखला लगातार जारी है।



## नगर आयुक्त ने आईटीएमएस भवन का किया निरीक्षण, 15 दिन में प्रोजेक्ट शुरू करने के निर्देश

**गाजियाबाद।** नगर निगम में नवनिर्मित इंटीग्रेटेड ट्रैफिक प्रबंधन प्रणाली (आईटीएमएस) भवन का बुधवार को नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का गहन जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ने आईटीएमएस के संचालन हेतु तैयार भवन में स्थापित की जा रही इंटीग्रेटेड कमांड एवं नियंत्रण केंद्र की कार्यप्रणाली को देखा और इसे नए सिरे से व्यवस्थित रूप में स्थापित करने के निर्देश संबंधित टीम को दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस भवन में केवल यातायात प्रबंधन ही नहीं, बल्कि नगर निगम की विभिन्न सेवाओं को भी एकीकृत कर शहरवासियों को एक ही स्थान से सुविधाएं उपलब्ध कराने की योजना है।

# वूशु गेम में चमकी भारत की बेटी, यशिका ने सिल्वर मेडल जीतकर रचा इतिहास



**इंद्रेश शर्मा, गाजियाबाद**

उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिले से निकलकर एक साधारण परिवार की 19 वर्षीय बेटी यशिका ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का परचम लहराया है। स्वीडन देश में भारत का परचम लहराते हुए सिल्वर मेडल हासिल किया । एडवांस मार्शल आर्ट माने जाने वाले वूशु गेम में सिल्वर मेडल जीतकर यशिका ने न सिर्फ अपने माता-पिता, बल्कि पूरे देश को गर्व से भर दिया है।

कठिन परिश्रम, अनुशासन और अटूट आत्मविश्वास की मिसाल बनी यशिका की यह सफलता आसान नहीं रही। सीमित संसाधनों और तमाम चुनौतियों के बावजूद उसने अपने सपनों से समझौता नहीं किया। गाजियाबाद स्थित एकेडमी में रोजाना घंटों अभ्यास, शारीरिक फिटनेस के साथ मानसिक मजबूती पर ध्यान और निरंतर सीखने की ललक ने उसे इस मुकाम तक पहुँचाया। यशिका की इस उपलब्धि के पीछे उनके गुरु प्रवीण कुमार का मार्गदर्शन और समर्पण भी अहम रहा। गुरु प्रवीण कुमार को अपनी शिष्या पर गर्व है। उनका कहना है कि यशिका की मेहनत, अनुशासन और सीखने की लगन ने आज उसे अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाई है। उन्होंने यह भी कहा कि यशिका जैसी प्रतिभाएँ यह साबित करती हैं कि सही मार्गदर्शन और दृढ़ संकल्प से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं। सिल्वर मेडल जीतकर यशिका ने यह संदेश दिया है कि छोटे शहरों और साधारण परिवारों से निकलकर भी वैश्विक मंच पर देश का नाम रोशन किया जा सकता है। आज यशिका न केवल युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा हैं, बल्कि उन बेटियों के लिए भी उम्मीद की किरण हैं जो खेल के मैदान में अपनी पहचान बनाना चाहती हैं। गाजियाबाद की यह बेटी अब सिर्फ एक खिलाड़ी नहीं, बल्कि संघर्ष, समर्पण और सफलता की मिसाल बन चुकी है। यशिका की यह जीत आने वाली पीढ़ियों को सपने देखने और उन्हें पूरा करने का साहस देती रहेगी।

# ठाकुर द्वारा बालिका विद्यालय हॉकी के खिलाड़ियों ने दो दिवसीय प्रतियोगिता में रजत पदक पर किया कब्जा

**वेलकम इंडिया**

दो दिवसीय डिस्ट्रिक्ट चैम्पियनशिप बालक एवं बालिका वर्ग में हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें बालिका वर्ग में जे के जी स्कूल , न्यू रेनबो स्कूल , गुरुकुल दा स्कूल एवं श्री ठाकुरद्वारा बालिका विद्यालय ने प्रतिभाग किया। जिसमें ठाकुरद्वारा टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए रजत पदक पर कब्जा किया।उसी के साथ स्कूल के मैनेजर ज्ञान प्रकाश गोयल और प्रधानाचार्या पूनम शर्मा ने बच्चों का बड़े गर्म जोशी से उत्साहवर्धन किया और उन्हें भविष्य में अच्छा खेलने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रबंध समिति की ओर से मोहित गुप्ता एवं दिनेश कुमार गोयल उपस्थित रहे। इस जीत के बाद सभी खिलाड़ियों में खुशी के लहर थी। खिलाड़ियों ने भविष्य में और अच्छा प्रदर्शन कर और स्वर्ण पदक हासिल करने का लक्ष्य रखा है। खिलाड़ियों का कहना है कि आने वाले समय में प्रदर्शन को और बेहतर करके अपनी टीम और स्कूल का नाम रोशन करेंगे।





# पेंशनरों की समस्याओं के समाधान का मंच बना पेंशनर दिवस



**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश सरकार के निदेशों के क्रम में कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार को पेंशनर दिवस का आयोजन शांतिपूर्ण और सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का समन्वय मुख्य कोषाधिकारी पुष्पांजली द्वारा किया गया, जबकि इसकी अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी (नगर) विकास कश्यप ने की। आयोजन का उद्देश्य पेंशनरों की समस्याओं को सुनना और उनका समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित करना रहा। कार्यक्रम में कोषागार कार्यालय से सहायक कोषाधिकारी दीपक राज, पवन सक्सेना, सहायक लेखाकार अनुपमा श्रीवास्तव, मोहम्मद परवेज खान, राजकमल तथा दीपक कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। मुख्य कोषाधिकारी पुष्पांजली ने पेंशनर एसोसिएशन के पदाधिकारियों, पेंशनरों एवं उपस्थित कार्यालयाध्यक्षों का स्वागत करते हुए कहा कि पेंशनरों की सुविधा और सम्मान को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। पेंशनर दिवस के दौरान उपस्थित पेंशनरों ने अपनी समस्याएं रखीं, जिन पर अपर जिलाधिकारी (नगर) ने गंभीरता से संज्ञान लिया। उन्होंने संबंधित कार्यालयाध्यक्षों को स्पष्ट निर्देश दिए कि पेंशनरों से जुड़े मामलों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए और किसी भी स्तर पर अनावश्यक देरी या लापरवाही न हो। उन्होंने कहा कि पेंशनरों ने अपने जीवन का महत्वपूर्ण समय सरकारी सेवा में लगाया है, इसलिए उनके अधिकारों और सुविधाओं का संरक्षण प्रशासन की जिम्मेदारी है।

# नागरिक सुरक्षा वार्डनों का क्षमता निर्माण प्रशिक्षण शुरू, 90 वार्डन हुए प्रशिक्षित

**वेलकम इंडिया**

**मुरादाबाद।** केंद्रीय गृह मंत्रालय भारत सरकार एवं निदेशालय नागरिक सुरक्षा, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के निदेशार्नुसार आज दिनांक 17 दिसंबर 2025 से एम०आई०टी० इंस्टिट्यूट के सभागार में वार्डन एवं स्वयंसेवकों के क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम सत्र में जनपद के 90 वार्डनों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन अपर जिलाधिकारी (नगर) श्रीमती ज्योति सिंह द्वारा फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर उपनियंत्रक नागरिक सुरक्षा श्री नीरज चक, सहायक उपनियंत्रक श्री सतीश कुमार, प्रभागीय वार्डन श्री सुरेन्द्र प्रकाश गुप्ता, मो. खालिद, एम०आई०टी० के निदेशक डॉ. रोहित गर्ग सहित सभी 90 वार्डन उपस्थित रहे। अपर जिलाधिकारी (नगर) ने अपने संबोधन में वार्डनों को निरंतर प्रशिक्षण प्राप्त कर अपनी क्षमता बढ़ाने के लिए प्रेरित किया तथा जनपद में उनके द्वारा किए जा रहे सराहनीय कार्यों की प्रशंसा की। उपनियंत्रक नागरिक सुरक्षा श्री नीरज चक ने जानकारी दी कि प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान आपदा प्रबंधन, अग्निशमन एवं बचाव सेवाओं से संबंधित विषयों पर विभिन्न विभागों के विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान दिए जाएंगे। प्रथम दिवस मेजर डॉ. मीनू मेहरोत्रा, एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर द्वारा ह्लआधुनिक युद्ध और राष्ट्र की क्षमताह्व विषय पर व्याख्यान दिया गया। इसके उपरांत प्रो. आनंद कुमार सिंह, विभागाध्यक्ष, डिफेंस एंड स्ट्रेटेजिक स्टडीज, हिन्दू कॉलेज द्वारा ह्लप्राकृतिक एवं मानव जनित आपदाओं में नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों की भूमिकाह्व विषय पर विस्तृत व्याख्यान प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों एवं वक्ताओं को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पंकज सक्सेना (डिप्टी चीफ वार्डन), चमन कुमार शर्मा, तुषार अग्रवाल, मास्टर ट्रेनर विवेक कुमार यादव, अखिल अग्रवाल, अशोक कुमार गुप्ता, शरीफ अहमद, शफीक अहमद, वसीम अख्तर, अनुज गुप्ता, शबरेज आलम, नीतू सक्सेना, शबाना, गजाला, बबिता, मीना सहित अनेक अधिकारी, कर्मचारी एवं स्वयंसेवक उपस्थित रहे और कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग प्रदान किया।



